दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 22 फरवरी 2024, वर्ष-9 अंक- 322 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते है मक्खी मारकर हाथ गंधाना चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में चुनाव अधिकारी ने आठ वैध मतपत्रों को अवैध घोषित कर भाजपा का मेयर बनवा दिया। इस धांधली के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पक्ष में फैसला सुनाया। नतीजतन अब अरविंद केजरीवाल को भाजपा को गरियाने का सुनहरा मौका मिल गया। वे भाजपा को वोट चोर बता रहे हैं। और यह दावा कर रहे हैं कि भाजपा इसी तरह बेईमानी कर लोकसभा चुनाव में 370 सीटें पार करेगी। अब झाड़ू वाले पंजा झाड़ कर भाजपा के पीछे तो पड़ेंगे ही।

मांग पूरी करने आंदोलन है... या दुश्मन देश से किसानों की जंग

तैयारी ऐसी कि 2 हजार ट्रैक्टर, पोकलेन मशीनों के साथ 14 हजार किसानों का जमघट

नई दिल्ली, (एजेंसी)। किसानों के आंदोलन से पंजाब-हरियाणा सहित देश की राजधानी बेहाल है। पूरे देश की नजर किसानों के आंदोलन की ओर है, केंद्र सरकार के निर्णय की ओर है। 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत किसानों के लावलश्कर से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर की स्थिति बेहद दयनीय है। प्रदर्शन में किसानों के तरीके और जो सामग्रियां दिखाई दे रही हैं उससे ऐसा लगता है कि यह देश में मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि किसी दुश्मन देश से युद्ध की तैयारी जैसा है। ड्रोन से नाकेबंदी को देखा जाए तो यह किसी 'आक्रमण' की तैयारी जैसा दिखाई देता है।

आंदोलन में 2 हजार ट्रैक्टर, पोकलेन मशीनें व अन्य गाड़ियों के साथ 14 हजार किसानों का जमावड़ा है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में इस मामले पर कई खुलासे हुए हैं।

किसान आज 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत पंजाब-हरियाणा की शंभू बॉर्डर से आगे बढ़ने का प्रयास किए। हरियाणा सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आंदोलन पर रिपोर्ट में ये खुलासे

रिपोर्ट में लिखा है कि शंभू बॉर्डर पर लगभग 14000 लोगों को इकट्ठा होने की परमिशन दी गई है। केंद्र सरकार ने अनुमान लगाया है कि पंजाब-हरियाणा बॉर्डर पर 1200 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, 300 कारों, 10 मिनी बसों और छोटे वाहनों के साथ लगभग 14,000 लोग जमा हैं। उन्हें ये इजाजत पंजाब सरकार ने दी है। कहा जा रहा है पोकलेन मशीनें भी लगाई गई हैं।

गृह मंत्रालय का पत्र

पंजाब सरकार को भेजे एक पत्र में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह भी कहा कि पिछले कुछ दिनों से राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति चिंता का विषय है और पंजाब प्रशासन को कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शशि थरूर को मिला फ्रांस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लेखक शशि थरूर को बड़ा सम्मान दिया गया है। उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द लीजन ऑफ ऑनर' से नवाजा गया है। कई किताबों के लेखक थरूर को फ्रांसीसी सीनेट के अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर ने फ्रांसीसी दूतावास में थरूर को इस पुरस्कार से नवाजा। फ्रांस सरकार ने अगस्त 2022 में थरूर को यह पुरस्कार देने की घोषणा की थी, लेकिन उन्हें यह मंगलवार को मिला। शशि ने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। उनका लेखन में भी हाथ है। थरूर के द्वारा लिखी गई कई पुस्तकें छप चुकी हैं और वे काफी लोकप्रिय भी हैं। थरूर इतिहास और राजनीति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पुणे में 3 तस्करों से 1100 करोड़ की मेफेड्रोन जप्त

पुणे, (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने तीन लोगों को 1.75 किलोग्राम मेफेड्रोन ड्रग (एमडी) के साथ गिरफ्तार किया। बाजार में इसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपये के करीब है। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने दो और गोदामों का पता लगाया, जहां 55 किलोग्राम एमडी और मिली। पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा, तीनों से पूछताछ के बाद और उनसे मिले इनपुट के आधार पर कुरकुंभ महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में एक और ऑपरेशन चलाया गया, जहां एक फैक्ट्री से लगभग 550 किलोग्राम एमडी बरामद किया गया।

शाह आज छत्तीसगढ़ में करेंगे लोकसभा चुनाव का शंखनाद

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार 22 फरवरी को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। वे जांजगीर में जनसभा को संबोधित करेंगे। माना जा रहा है कि इसके साथ ही भाजपा प्रदेश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने जा रही है। इससे पहले शाह कोंडागाव में लोकसभा और कलस्टर प्रभारियों की बैठक भी लेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नाम पर मंथन करेंगे। बताया जा रहा है कि शाह का फोकस बस्तर, कांकेर, महासमुंद जैसी लोकसभा सीटों पर रहेगा। शाह का बिलासपुर दौरा रद्द हो गया है। यहां वे प्रभारियों के साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के साथ बैठक करने वाले थे। अमित शाह दोपहर 12 बजे रायपुर पहुंचेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रष्टाचार मामले में पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर सीबीआई छापा

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सीबीआई ने दिल्ली में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया और उनके परिसर में छापा मारा। 1982-बैच के आईएएस अधिकारी 2019 में डीपीआईआईटी (तत्कालीन औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग) और निजी कंपनियों से विभिन्न पदों पर सेवानिवृत्त हुए।

पूर्व सचिव पर आरोप है कि उन्होंने अपनी आय के वैध स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है। भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल लोकपाल अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के आरोपों की भी जांच कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सदन में डिप्टी सीएम विजय शर्मा का ऐलान

बिरनपुर हिंसा की होगी सीबीआई जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने विधानसभा में बिरनपुर हिंसा की सीबीआई जांच कराने की घोषणा कर दी है। डिप्टी सीम विजय शर्मा ने कहा कि, गांव में भुनेश्वर साहू की हत्या हुई। न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते उनके पिता आज सदन में अपनी बात कह रहे हैं, यह अद्भुत संयोग है। ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक ईश्वर साहू ने बुधवार को सदन में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि, घटना के वक्त सीबीआई जांच की बात कही गई थी। क्या सीबीआई जांच कराई जाएगी? इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने सदन में जांच की घोषणा की।

डिप्टी सीएम ने कहा कि, इस प्रकरण में सेक्शन 173 CRPC के तहत विवेचना जारी है। 40 लोगों के नाम दिए गए थे, उसमें 12 लोग के नाम एफआईआर में थे। आगे भी करवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि, भागीरथी साहू की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोमर्डा अभ्यारण्य में बाघ की मौत पर सदन में हंगामा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रश्नकाल में मंत्री केदार कश्यप को विपक्ष के अलावा उनके दल के विधायक ने घेरा। गोमर्डा अभयारण्य में बाघ की मौत और भैंसाझार सिंचाई प्रोजेक्ट के मामले में मंत्री फंसते दिखाई दिए। सदन के भीतर जबरदस्त बहस और विवाद होता रहा। महंत बोले- न्यायिक जांच विभाग नहीं कर सकता, इसमें जज नियुक्त होते हैं। वह आप कर नहीं सकते, विभाग नहीं कर सकता, मैं तो सिर्फ न्यायिक जांच की बात कर रहा हूं।

महंत ने आगे कहा आपने क्यों कहा कि न्यायिक जांच चल रही है। इतना सा बोल दीजिए कि मेरे से गलती हो गई, झूठ बोल रहा हूं, खेद व्यक्त कर रहा हूं और मेरी मांग विधायकों की टीम से जांच करने की है। इसे स्वीकार कर रहे हैं.. कि नहीं.. बता दीजिए। मंत्री कश्यप ने कहा- वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अरपा-भैंसाझार सिंचाई प्रोजेक्ट पर सदन में सरकार पर उठी उंगलियां

रायपुर/नवप्रदेश। अरपा-भैंसाझार सिंचाई प्रोजेक्ट को लेकर सवाल उठाया। जवाब में मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि इसमें काम चल रहा है और लगभग साढ़े 12 हजार हेक्टेयर में सिंचाई का काम हो रहा है। लगभग साढ़े 8 करोड़ के आसपास का काम बाकी है। जिसके बाद 25000 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। विधायक ने जानकारी मांगी कि कितनी बार इस प्रोजेक्ट का समय बढ़ाया गया। मंत्री ने जवाब में बताया कि 8 बार प्रोजेक्ट का समय बढ़ा गया है। कांग्रेस विधायक ने कहा- 10 साल से काम रुका हुआ है। मंत्री ने फिर कहा की काम जल्द पूरा कर लेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग संचालक पर 50 हजार का जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में यात्रियों के वाहनों के सुरक्षित पार्किंग व्यवस्था हेतु पार्किंग स्टैंड का प्रावधान किया गया है जहां वे यात्रा के दौरान रेलवे प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान के साथ अपने वाहनों को खड़ा कर निश्चिंत यात्रा कर सके। पार्किंग का संचालन पार्किंग संचालकों द्वारा किया जाता है। पार्किंग के बेहतर संचालन प्रबंधन हेतु रेलवे अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण किया जाता है ताकि यात्रियों को अपनी वाहनों को रखने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इसी संदर्भ में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विकास कश्यप द्वारा बिलासपुर स्टेशन के पार्किंग स्टैंड का लगातार औचक निरीक्षण किया जा रहा है । इस दौरान पार्किंग संचालक को पार्किंग में नियमानुसार किराया लेने, अवैध वसूली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा निर्वाचन- 12 राज्यों में चुने गए 41 निर्विरोध

आईएनडीआई में शामिल दलों से 13 नेता निर्वाचित, बीजेपी के 20 सदस्य

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राज्यसभा की 56 सीटों में से 41 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 20 उम्मीदवार भाजपा के हैं। कांग्रेस के 6, तृणमूल कांग्रेस के 4, वाईएसआर कांग्रेस के 3, राजद और बीजद के दो-दो और राकांपा, शिवसेना, बीआरएस और जदयू के एक-एक उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए।

गुजरात से भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा पार्टी के जसवंत सिंह परमार, मयंक नायक और गोविंदभाई ढोलकिया विजयी घोषित किए गए। वहीं, राजस्थान से कांग्रेस की सोनिया गांधी के अलावा भाजपा से चुन्नीलाल गरासिया और मदन राठौर निर्विरोध चुने गए। महाराष्ट्र से भाजपा की मेधा कुलकर्णी और अजित घोपछडे, शिवसेना से मिलिंद देवड़ा, प्रफुल्ल पटेल (एनसीपी) और चंद्रकांत हंदोड़े (कांग्रेस) निर्विरोध निर्वाचित हुए। उत्तराखंड से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र भट्ट, हरियाणा से सुभाष बराला, छत्तीसगढ़ से देवेंद्र प्रताप सिंह निर्विरोध चुने गए।

पश्चिम बंगाल से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार सुष्मिता देब, सागरिका घोष, ममता ठाकुर और मोहम्मद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विदेशी विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए अभ्यर्थी के बदले परीक्षा दे रहे 7 लोग गिरफ्तार

हैदराबाद, (एजेंसी)। तेलंगाना पुलिस ने विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए अभ्यर्थी के बदले ऑनलाइन अंग्रेजी पात्रता परीक्षा देने वाले 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसओटी एलबी नगर जोन की टीम ने पुख्ता सूचना के आधार पर वेंकटेश्वर लॉज से सातों आरोपियों को पकड़ा। डुओलिंगो एग्जाम के जरिये अमेरिका, आयरलैंड व ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए अंग्रेजी की पात्रता परखी जाती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी परीक्षा पास करने योग्य अंक हासिल करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से 5,000-10,000 रुपये वसूलते थे। आरोपियों की संपत्तियां भी जप्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

बजट... नगर निगम के1901 करोड़ के बजट में कई नए प्रस्ताव, हर जोन को मिलेगे डॉग कैचर

राजधानी रायपुर में मेट्रो लाइट ट्रेन का प्रस्ताव

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी में बुधवार को रायुपर के मेयर एजाज ढेबर ने निगम का बजट पेश किया। बजट में शहर के लिए 500 करोड़ की मेट्रो लाइट ट्रेन PPP मोड से चलाने की घोषणा की गई है। रायपुर। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े नगर निगम यानी राजधानी रायपुर के मेयर एजाज ढेबर ने बुधवार को 1901 करोड़ 31 लाख 93 हजार रुपयों का बजट पेश किया।

बजट को मेयर ने 57 लाख 71 हजार का फायदा देने वाला बताया है। शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को गति देने के लिए मेट्रो लाइट ट्रेन की व्यवस्था करने के लिए करीब 500 करोड़ की परियोजना का ऐलान किया गया है। इसे PPP मोड से पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। बजट में युवाओं और महिलाओं पर फोकस रखा गया है। बजट पेश करने से पहले महापौर एजाज ढेबर बजट ब्रीफकेस लेकर आकाशवाणी स्थित काली मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया।

इसके निगम के बजट में शहर के विकास, प्रदूषण कम करने के इंतजाम और कला-संस्कृति के विकास को लेकर कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। बजट में हर जोन में डॉग कैचर उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। बजट में 10.15 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी में चलेंगी 100 इलेक्ट्रिक बसें

रायपुर शहर में मच्छर उन्मूलन के लिए 3 करोड़ का प्रावधान। शहर की सभी सब्जी मंडियों में ऑर्गेनिक कम्पोस्ट पीट का निर्माण कार्य कराया जाएगा। रायपुर शहर के लिए इस वित्तीय वर्ष में 100 नग इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रारंभ कराया जाना है। उद्यानों के रख-रखाव के लिए सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति होगी।

मेट्रो लाइट ट्रेन के लिए 500 करोड़

शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को गति देने के लिए मेट्रो लाइट ट्रेन की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए करीब 500 करोड़ की इस परियोजना को PPP मोड से पूरा किए जाने का प्रस्ताव तैयार होगा। आमतौर पर निर्माण के बाद परियोजना का मेंटेनेंस व्यापक स्तर पर किए जाने के सुझाव मिलते रहे हैं। इसे ध्यान में रखकर हाई लेवल मॉनिटरिंग कमेटी गठन करने का फैसला लिया गया है। यह कमेटी हो चुके कामों के मेंटेनेंस और संचालन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की समीक्षा करेगी। इस कमेटी में महापौर, आयुक्त समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

सीएम के जन्मदिन पर बच्चों ने काटा केक, मनाई खुशियां

छात्रावासों में आयोजित किया गया न्योता भोज का कार्यक्रम, दी शुभकामनाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर आज जिले आदिवासी विकास विभाग द्वारा सभी छात्रावासों में न्योता भोज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते बन रहा था। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी, वे खिल उठे। न्योता भोज में बच्चों को खीर और पूड़ी परोसा गया। सभी बच्चों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय को जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। पहली बार छात्रावास में इस तरह का कार्यक्रम होने से बच्चे काफी खुश थे। न्योता भोज का कार्यक्रम आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावासों में किया गया। सहायक आयुक्त सी. एल. जायसवाल द्वारा सभी छात्रावास अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश दिए गए थे। शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कमला नेहरू कन्या छात्रावास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर बच्चों में केक काटकर उन्हें सामूहिक रूप से बधाई दी। रीना मधुकर, अनुष्का रात्रे समेत सभी ने मुख्यमंत्री को जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। शासकीय प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास जरहाभाटा के छात्र सुभाष कुमार कंवर सहित अन्य छात्रों ने भी मुख्यमंत्री श्री साय को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक परंपरा की शुरूआत की है जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने की पहल की गयी है। इसी के तहत आज जिले के छात्रावासों में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सभी से अपील करते हुए कहा है कि किसी जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौकों पर आने पास के स्कूल, आश्रम अथवा छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज कार्यक्रम में जरूर शामिल हों। इससे समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास और भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करने के लक्ष्य की पूर्ति होगी।

सीबीएसई की हिन्दी विषय की परीक्षा में सरल प्रश्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीबीएसई की हिन्दी के परचे से आज छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले हुए दिखे। सरल प्रश्न होने के कारण बच्चे बहुत खुश थे। हालांकि अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन परीक्षा देने के बाद छात्र-छात्राओं ने बताया कि बहुत अच्छा प्रश्न आया था और हम लोगों ने जहां तक हो सके पूरा परचे को लिखे हैं। इस तरह आज सीबीएसई छात्र-छात्राओं ने अपनी दूसरी परीक्षा हिन्दी विषय का दिए। अब अगला पेपर तीन दिन बाद अंग्रेजी विषय का है। कुछ छात्रों ने बताया कि हिन्दी और अंग्रेजी में ज्यादा कोई परेशानी नहीं है। उसके बाद वाले विषय गणित, विज्ञान सहित कम्प्यूटर साईंस में तकलीफ हो सकती है, लेकिन हम मानसिक रुप से तैयार हैं, क्योंकि हमारी तैयारी 6 महीना पहले से ही शुरु हो गई है। शहर के प्रमुख केंद्रों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं की हिन्दी की परीक्षा आज हुई। इनमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी ईजुकेशन) की कक्षा दसवीं की परीक्षा शुरूआत 15 फरवरी को संस्कृत की परीक्षा से आरंभ हुई थी। अधिकांश विद्यार्थियों का परीक्षा आज से शुरू हुआ है। हिन्दी विषय की परीक्षा दिलाकर निकल रहे विद्यार्थियों में खुश और उत्साहित दिखे। विद्यार्थियों ने बताया कि हिन्दी विषय के प्रश्न सरल थे, उन्होंने सारे प्रश्नों के उत्तर दिए। छात्रों के साथ अभिभावक भी परीक्षा को लेकर काफी उत्सुक दिखे और परीक्षा केंद्र के बाहर अभिभावकों का पूरे परीक्षा के दौरान जमावड़ा दिखा।

सीजीबीएसई बोर्ड की परीक्षा मार्च से

महज 8 दिन के बाद ही सीजीबीएसईई (छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल) की आयोजित बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से आंरभ होगी। कक्षा 12 वीं की 1 मार्च से और कक्षा 10वीं की 2 मार्च से आयोजित होगी। बिलासपुर शहर के 129 केंद्रों में कक्षा 10वीं के 28670 विद्यार्थी शामिल होंगे। कक्षा 12 वीं की परीक्षा 18839 विद्यार्थी परीक्षा सम्मिलत होंगे। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 बजे होगा।

विकसित भारत- विकसित छत्तीसगढ़

विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम 24 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के अंतर्गत 24 फरवरी को सवेरे 10 बजे से जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। मुख्य समारोह जिला मुख्यालय बिलासपुर मुंगेली नाका मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीसी के जरिए समारोह में शामिल होकर जिले की कुछ लाभार्थियों से संवाद करेंगे।

कलेक्टर अवनीश शरण ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समारोह की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने समारोह की सफलता के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। विकसित भारत योजना के अंतर्गत समारोह में स्टॉल भी सजाये जाएंगे। योजनाओं की उपलब्धियों के साथ छूटे हुए लोगों को योजनाओं से जोड़ा जायेगा। मुख्य मंच पर एलईडी टीव्ही के जरिए प्रधानमंत्री के संबोधन का लाईव्ह प्रसारण देखा जा सकेगा।

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र का कार्यक्रम बहतराई इण्डोर स्टेडियम में होगा। मुख्य समारोह में जिला स्तरीय अधिकारी और विधानसभा क्षेत्रों में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी होगा।

पदोन्नत पद पर कार्य करते रहेंगे शिक्षक : हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रमोशन मामले में शिक्षकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने पदोन्नत पद पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं. मुंगेली जिले के शासकीय पूर्व के माध्यमिक शाला निरजाम में शिक्षक रएलबी के पद पर पदस्थ कशिवानी भट्ट के साथ ही ने बिरतिला तिर्की और अंजू शुक्ला के पदोन्नति आदेश को संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा निरस्त कर दिया गया था.. इसके खिलाफ अधिवक्ता के माध्यम से दायर याचिका की गई थी..याचिका में कहा गया कि, शिवानी भट्ट की नियुक्ति वर्ष 2008 में सहायक शिक्षक के पद पर हुई थी वर्ष 2018 में इनका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में हो गया।

याचिकाकर्ता शिवानी भट्ट की पदोन्नति 15 मई 2023 को सहायक शिक्षक एलबी से शिक्षक एलबी के पद पर हुई, उन्हें प्रमोशन के बाद विकासखंड सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में पदस्थ किया गया था, जिसे बाद में संशोधित करते हुए पूर्व माध्यमिक शाला निरजाम, जिला- मुंगेली किया गया। पदोन्नति संशोधित शाला में कार्यभार ग्रहण करने के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर द्वारा 31 जनवरी 2024 को शिवानी भट्ट की पदोन्नति आदेश को निरस्त कर दिया गया, आदेश में यह कहा गया कि, स्नातक उपाधि बीएचएससी गृह विज्ञान, विज्ञान विषय में सम्मिलित नहीं है, जिसके कारण याचिकाकर्ता पदोन्नति हेतु पात्र नहीं है, इसलिए शिवानी भट्ट की शिक्षक एलबी के पद पर पदोन्नति निरस्त की जाती है और उनको पूर्ववत सहायक शिक्षक के पद पर प्राथमिक शाला गुरु घासीदास विकासखंड बिल्हा, जिला- बिलासपुर में पदस्थ किया जाता है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद सिंह चंदेल के कोर्ट में हुई। याचिका में कहा गया कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती तथा पदोन्नति नियम 2019 के तहत पदोन्नति/सीधी भर्ती सेटअप में स्वीकृत विषयावर पदों पर होगी जैसे नियम में संशोधन किया गया है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वयं विषय बाध्यता को समाप्त किया जा चुका है। साथ ही याचिकाकर्ता शिवानी भट्ट के स्थान पर किसी और की पदस्थापना नहीं हुई है। उपरोक्त आधारों पर कोर्ट ने याचिकाकर्ता को पदोन्नत पद शिक्षक एलबी के पद पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निरजाम जिला मुंगेली में कार्य करने के निर्देश दिया है। साथ ही 3 महीने में मामले के निराकरण का आदेश दिया है।

घरौंदा केंद्रों की हालत खराब, मांगी रिपोर्ट

प्रदेश में कुपोषित बच्चों के लिए चल रहे सभी घरौंदा केंद्रों की हालत पर रिपोर्ट और इस संबन्ध में राज्य व जिला स्तरीय समिति की बैठक के मिनिट्स प्रस्तुत करने के निर्देश हाईकोर्ट ने दिए हैं। सुनवाई के दौरान जानकारी सामने आई कि, मनेंद्रगढ़ में घरौंदा सेंटर के सामने चल रही शराब दुकान को नहीं हटाया गया है। कोर्ट ने प्रशासन को दुकान हटाकर कार्रवाई रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण की अगली सुनवाई मार्च में रखी गई है। कोंपलवाणी संगठन ने प्रदेश के घरौंदा सेंटरों में अव्यवस्था पर जनहित याचिका दायर की है। मामले में वित्त और समाज कल्याण विभाग के सचिवों के साथ ही मुख्य सचिव ने भी पूर्व में शपथपत्र प्रस्तुत कर बताया था कि, शासन ने तीन साल में कुल 9 करोड़ खर्च किए हैं। इस मामले में गत माह हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने 11 कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किए थे। इन सबको चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रदेश के तमाम घरौंदा सेंटरों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने निर्देशित किया था। मनेन्द्रगढ़ को लेकर कोर्ट कमिश्नर ने जो रिपोर्ट दी थी, उसमें बताया गया कि, यहां घरौंदा के सामने ही शराब दुकान संचालित की जा रही है। इस मामले में जब जिला प्रशासन से शिकायत हुई तो स्थानीय कलेक्टर ने दुकान हटाने के लिए कार्रवाई नहीं की, कोर्ट ने दुकान हटाने के निर्देश दिए

राशन दुकान आवंटन के लिए आवेदन 7 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में 11 राशन दुकान आवंटन के लिए 7 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इनमें 10 दुकान ग्रामीण क्षेत्र में और एक दुकान तखतपुर नगरीय निकाय के वार्ड में खोले जाएंगे। निर्धारित प्रारूप में आवेदन 7 मार्च तक अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय तखतपुर के खाद्य शाखा में जमा किये जा सकेंगे। सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत, अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियां ही आवेदन के लिए पात्र हैं। खाद्य निरीक्षक श्याम वस्त्रकार ने बताया कि तखतपुर के ग्राम पंचायत पेण्ड्री, साल्हेकांपा, बेलमुण्डी, खरकेना, बुटेना, बोड़सरा, घोंघाडीह, पॉड़, टाण्डा तथा कंचनपुर तथा नगरीय क्षेत्र तखतपुर के वार्ड 11, 12 एवं 13 वार्ड में संचालित राशन दुकान के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन किये जा सकते हैं। आवेदन का निर्धारित प्रारूप अनुविभागीय राजस्व अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

मैसूर के युवा महोत्सव में दिखेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक

सीवीआरयू के विद्यार्थी एआईयू उत्सव में होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एआईयू कल्चरल यूथ अफेयर्स के इंटर यूनिवर्सिटी साउथ ईस्ट जोन युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। इस वर्ष यह आयोजन जेएसएस विश्वविद्यालय साइंस एंड टेक्नोलॉजी मैसूर कर्नाटक में 22 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है. विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों की 41 सदस्यीय टीम युवा उत्सव में शामिल हो रही है। इस दौरान सीवीआरयु के विद्यार्थी देश के 50 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति सहित विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि सीवीआरयू के विद्यार्थियों ने एआईयू के युवा उत्सव युवा बिम्बा 2024 में शामिल होने के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की लोककला और संस्कृति की झलक दिखाई देगी। विद्यार्थियों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोककला और संस्कृति को नृत्य और अन्य माध्यमों से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमे छत्तीसगढ़ी महतारी के विभिन्न रूप, छत्तीसगढ़ी पंथी और सरगुजिया कर्मा नृत्य परंपरा को विशेष रूप से बताया गया है। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी देश के साउथ ईस्ट जोन में शामिल 50 से अधिक विश्वविद्यालयों का इंटर यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। इस युवा महोत्सव को युवा बिम्बा 2024 का नाम दिया गया है ,जो 22 से 26 फरवरी तक आयोजित है। एआईयू ने यह युवा उत्सव छ्ुस्स विश्वविद्यालय साइंस एंड टेक्नोलॉजी मैसूर, कनार्टक में आयोजित किया जा रहा है। साउथ ईस्ट जोन में आने वाले सभी 50 विश्वविद्यालयों की टीमें में पहुंच रही है। इसी क्रम में डॉ. सी वही रामन विश्वविद्यालय की 41 सदस्यीय टीम रवाना हुई। 41 सदस्यीय टीम में 32 विद्यार्थी और एआईयू कोऑर्डिनेटर एवं टीम मैनेजर प्रो काजल मोइत्रा, डॉ निकेत शुक्ला और जितेन्द्र गुप्ता और प्रमोद शुक्ला, संदीप सिंग ठाकुर एवं कैलाश दास मानिकपुरी और म्यूजिशियन शामिल है। कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों आदिवासी नृत्य, गायन, रंगोली, पेंटिंग, क्ले माडलिंग, स्किट, डिबेट, एलोकेशन, इंस्टॉलेशन, कोलाज ,फोटोग्राफी सहित कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तुति देंगे।रवाना होने से पहले कुलपति प्रो.आर पी दुबे व कुलसचिव श्री गौरव शुक्ला ने टीम को शुभकामनाएं दी।

अखिलेश साहू जिला पंचायत के नए सीईओ

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिलेश साहू जिला पंचायत बिलासपुर के नए सीईओ बनाए गए हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय में पदस्थ उपायुक्त अखिलेश साहू को जिला पंचायत बिलासपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके पहले जिला पंचायत बिलासपुर के सीईओ रहे अजय अग्रवाल को जनसंपर्क विभाग में संचालक बनाकर रायपुर भेजा गया है। कल ही राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति आदेश जारी किए थे जिसके अनुसार साहू सहित आठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महिला आयोग की सुनवाई कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सुनवाई 23 फरवरी को स्थानीय जल संसाधन परिसर स्थित प्रार्थना सभाकक्ष में सुबह11 बजे से शुरू होगी। सुनवाई के लिए 45 प्रकरण सूचीबद्ध किये गये हैं। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक एवं सदस्य सुनवाई करेंगी।

सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में 200 बिस्तर नहीं, स्टाफ भी कम

शासन को रिपोर्ट देने के निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में बिस्तरों की संख्या अब तक 200 नहीं की गई है। मनोरोग चिकित्सक, वार्ड बॉय नियुक्त करने सहित अन्य सुविधाएं भी नहीं हैं। हाईकोर्ट ने इस पर स्वास्थ्य सचिव को शपथपत्र देने के निर्देश दिए हैं। इस अस्पताल को 200 बिस्तर करने की योजना है जो 7 साल से प्रस्तावित है। अब तक इस दिशा में कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

उल्लेखनीय है कि इसके पहले हुई सुनवाई में शासन ने कोर्ट में कहा था कि, बिस्तरों की संख्या 200 की जा रही है और डॉक्टरों की कमी भी दूर की जाएगी। राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए 2017 में बने अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर रायपुर के अधिवक्ता विशाल कोहली ने अधिवक्ता हिमांशु पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।साथ ही हाईकोर्ट ने भी स्वतः संज्ञान लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया कि डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर 1 मनोचिकित्सक होना चाहिए। जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक है। प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होने चाहिए। याचिका में यह भी बताया गया है कि प्रदेश के एकमात्र राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी के लिए 11 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, लेकिन उनमें मात्र 3 पद पर ही सायकेट्रिस्ट नियुक्त हैं। इसके अलावा 1 ईएनटी और 1 आर्थोपेडिक चिकित्सक की नियुक्ति कर दी गई है। कोर्ट ने प्रावधान के अनुसार पदों पर की जा रही नियुक्ति के लिए हो रहे प्रयासों की जानकारी देने कहा है।

आयोजन एनटीपीसी सीपत में अंतर ग्रामीण लोक कला प्रतियोगिता 'हमर धरोहर' का आयोजन

छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रतियोगिता में सीपत विजेता, रांक की टीम उपविजेता

बिलासपुर/नवप्रदेश। नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर), एनटीपीसी सीपत के तत्वावधान में अंतर ग्रामीण लोक कला प्रतियोगिता 'हमर धरोहर' का आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को कर्मा नृत्य, पंथी नृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य, राउत नृत्य, जसगीत और सुवा नृत्य जैसे पारंपरिक नृत्य रूपों का प्रदर्शन किया गया। वी.के. पाण्डेय, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सीपत और श्रीमती साधना पांडे, अध्यक्षा संगवारी महिला समिति ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कुल 140 प्रतिभागियों ने मंच पर बारह लोक धुनों पर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्रीजीत कुमार, महाप्रबंधक, सीपीजी-2, अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक ,प्रचालन एवं अनुरक्षण, अन्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, सभी ग्रामों के सरपंच, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय मीडिया कर्मी भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए साथ आए। इस कार्यक्रम में 8 परियोजना प्रभावित ग्रामों से भाग लेने वाली 12 टीमों के बीच एक अद्भुत प्रतिस्पर्धा हुई। 'हमर धरोहर' ने केवल ग्रामीणों के लिए कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक मंच प्रदान किया बल्कि ग्रामीण समुदायों की स्थायी भावना और पहचान के प्रमाण का प्रतीक बना। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद सम्मानित जूरी द्वारा टीम सीपत को विजेता और टीम रांक को उपविजेता घोषित किया गया। यह पहल एनटीपीसी सीपत और आस-पास के गांवों के लोगों के बीच भाईचारा मजबूत करेगी, जिससे समुदाय का समग्र विकास हो सके। इस पहल के माध्यम से, एनटीपीसी सीपत क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को मजबूती प्रदान कर एक अनुकूल सांस्कृतिक वातावरण को बढ़ावा दे कर अपनी प्रतिबद्धता को उजागर कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि क्षेत्र की संस्कृति की विरासत आने वाली पीढ़ियों तक

शहर के मकान और स्ट्रीट को मिलेगी यूनिक डिजिटल पहचान

जल्द होगा सर्वे, ऑनलाइन सर्विस होगा आसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर स्मार्ट सिटी जल्द ही शहर की गलियों और मकानों को यूनिक पहचान देने जा रही है। इसके तहत शहर के वार्ड,गली और मकान की एक श्रृंखला तैयार कर घरों में डिजिटल डोर नेम प्लेट लगाया जाएगा,जिसमें क्यू आर कोड भी होगा। जिससे पते को ढूंढना और अपना पहचान बताना काफी आसान हो जाएगा,निगम के अलावा अन्य किसी भी आनलाइन सर्विस का लाभ आसानी से उठाया जा सकेगा इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टी से भी काफी कारगार साबित होगा। आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस और स्वास्थ्य सेवा तत्काल पहुंचाई जा सकेगी। शहर को स्मार्ट बनाने की दिशा में बिलासपुर स्मार्ट लिमिटेड की यह अभिनव पहल काफी उपयोगी और कारगार साबित होगी। स्मार्ट सिटी द्वारा इसके लिए जानकारी जुटाने जल्द ही सर्वे शुरु किया जाएगा,सर्वे दल मोहल्लों और घरों में जाकर इसकी जानकारी जुटाएगी। घरों में डिजिटल डोर नेम प्लेट लगाया जाएगा जिसमें उस वार्ड के नंबर के साथ गली का नंबर अंकित होगा और फिर मकान को एक नंबर प्रदान किया जाएगा जो उस प्लेट में अंकित होगा। डिजिटल नेम प्लेट में क्यू आर कोड भी होगा जिसमें संबधित मकान और मकान मालिक की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

रहवासियों को मिलेगा लाभ-एमडी

एमडी अमित कुमार ने बताया की डिजिटल डोर नेम प्लेट से लोगों को परफेक्ट पहचान मिलेगा,जिससे पते से संबधित समस्या दूर होगी,इसके अलावा डिजिटल डाटा प्रशासन के पास होने से भविष्य में किसी भी सेवाओं का लाभ नागरिकों को आसानी से मिल सकेगा। निगम कमिश्नर ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा की सर्वे टीम जब जानकारी लेने जाएं तो उनका सहयोग करें।

पुरी शंकराचार्य की उपस्थिति में विशाल हिंदू राष्ट्र धर्मसभा

■ **तैयारियों में लगे हैं अनुयायी, भगवान शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर भक्तिमय हुआ जामुल**

रायपुर/ भिलाई/नवप्रदेश। पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज तीन दिवसीय प्रवास पर एक मार्च को जामुल (भिलाई) आएंगे। इस मंगल अवसर पर शंकराचार्य जी की उपस्थिति में विशाल हिंदू राष्ट्र धर्मसभा भी होगी, जिसकी जोरदार तैयारी की जा रही है।

इस पूरे कार्यक्रम का आयोजक प्यारे श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच, जामुल के अध्यक्ष ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज का 1 मार्च को आगमन होगा। वहीं 2 मार्च को शाम 4 बजे से शिवपुरी, जामुल में शंकराचार्य जी विशाल हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा के माध्यम से सभी सनातनियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि, शंकराचार्य जी का यह पहली बार जामुल आगमन है।

यहां विशाल हिन्दू राष्ट्र धर्मसभा में जहां बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भी पहुंचेंगे, जिन्हें न केवल शंकराचार्य जी का दर्शनलाभ मिलेगा, अपितु श्रद्धालु उनके श्रीमुख से अमृत वाणी का श्रवण भी करेंगे। आयोजन की भव्यता को ध्यान में रखते हुए वृहद पैमाने पर तैयारी की जा रही है।

50 हजार आमंत्रण पत्र

पचास हजार आमंत्रण पत्र तैयार किए गए हैं जिसे घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसी तरह शोभायात्रा, कलश यात्रा की भी तैयारी की जा रही है। 108 फीट का भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। आयोजन की सफलता के लिए गांव-गांव में बैठक की जा रही है। प्यारे श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच के सदस्य व पदाधिकारी सभी अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने में जुटे हुए हैं। ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि, यह सभी कार्यक्रम पीठ परिषद, आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी के मार्गदर्शन में प्यारे श्री राधा कृष्ण संस्कार मंच के तत्वावधान में संपन्न

मिनट टू मिनट कार्यक्रम

1 मार्च 2024

-शाम 4 बजे पावर हाउस रेलवे स्टेशन का आगमन।

- उसके बाद भव्य स्वागत

-शोभायात्रा के रूप में जामुल आगमन पश्चात दर्शन

-विश्राम - उपाध्याय निवास (ईश्वर उपाध्याय),जामुल।

2 मार्च 2024

सुबह 11:30 बजे दर्शन, संगोष्ठी, गुरु दीक्षा, धर्म- राष्ट्र-अध्यात्म से संबंधित शंका समाधान प्रसादी वितरण।

स्थान-उपाध्याय निवास (ईश्वर उपाध्याय), जामुल।

शाम 4 बजे

विशाल हिंदू राष्ट्र सभा

स्थान - शिवपुरी जामुल, जिला दुर्ग

3 मार्च 2024

सुबह 11:30 बजे

-दर्शन ,संगोष्ठी, गुरु दीक्षा, धर्म-राष्ट्र-अध्यात्म से संबंधित शंका समाधान प्रसादी वितरण

स्थान- उपाध्याय निवास (ईश्वर उपाध्याय),जामुल

-जामुल से दुर्ग के लिए प्रस्थान

■ न्यूज गैलरी

कवासी लखमा से मिलने अस्पताल पहुंचे डिप्टी सीएम शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के एक निजी अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे पूर्व मंत्री कवासी लखमा से मिलने डिप्टी शर्मा विजय शर्मा अस्पताल पहुंचे थे। श्री शर्मा ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उनसे मिलने तत्काल अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से विधायक कवासी लखमा के इलाज की जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने लखमा को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दी।

रविदास जयंती पर शोभायात्रा आज

रायपुर/नवप्रदेश। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 647 वी जयंती के पूर्व छत्तीसगढ़ मेहर समाज द्वारा 22 फरवरी गुरुवार को प्रदेश स्तरीय शोभा यात्रा का प्रारंभ संत रविदास मंदिर खो खो पारा से पुरानी बस्ती, बुढ़ापारा , व्हाइट हाउस नगर निगम, घडी चौक, होते अम्बेडकर चौक में समापान होगा।

पीरियड्स के दौरान हेल्दी फूड्स और सलाद लें : डॉ. प्रशस्ति

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर में पहुंची गायनेकॉलाजिस्ट डा. प्रशस्ति राय ने कहा कि पीरिएड्स के शुरुआती दौर यानी किशोरावस्था में जागरूकता बेहद जरूरी होती है। इस उम्र की लड़कियों को बाहर के खाने का बड़ा शौक होता है। अच्छी सेहत और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचने के लिए लड़कियों को पीरिएड्स के दौरान बाहरी खाने से बचना चाहिए। साथ ही घर पर हेल्दी फूड और सलाद को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। डॉ. राय ने आगे बताया कि 40 वर्ष के आसपास की महिलाओं को रूटीन स्वास्थ्य जांच अवश्य करनी चाहिए। इस उम्र की महिलाओं को सोनोग्राफी, ब्लड शुगर, बीपी के साथ थाइराइट की जांच अवश्य करानी चाहिए। महिलाओं में उम्र के साथ कैल्शियम की कमी भी देखी जाती है। ऐसी जांच के बाद उचित डॉक्टरी सलाह लेकर अपने डाइट और दवाइयों का सेवन आवश्यक हो जाता है। डॉ. राय ने बताया कि पीरियड्स के दौरान कुछ महिलाओं और किशोरियों को अधिक रक्तस्त्राव होता है। अगर ऐसी समस्या आपको आ रही है, तो आपको समय रहते डाक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। इन तकलीफें अथवा परेशानियों की अनदेखी आगे चलकर बड़ी तकलीफ का कारण बन सकती हैं।

अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ अंतर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 19.02.2024 को थाना कबीर नगर टीम को सूचना प्राप्त हुई कि हीरापुर पांडेय ढाबा के पास एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) रखा है।

प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के 52 बछड़ों का हुआ प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। अभनपुर विकासखंड के ग्राम आलेखूंटा में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें के निर्देशन में नस्ल सुधार कार्यक्रम में कृत्रिम गर्भाधान से उत्पादित उन्नत नस्ल गिर, साहीवाल, जर्सी, मुर्रा के बछड़ों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चलित चिकित्सा इकाई रायपुर, मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई अभनपुर, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि और लगभग 110 पशुपालक शामिल हुए। प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के 52 बछड़ों का प्रदर्शन किया गया। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कर कृमि नाशक दवाई पिलाई गई। इसके पालक को बछड़ों के लिये वृद्धि वर्धक फीड सप्लीमेंट वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया।

रायपुर में स्मार्ट मीटर लगने की शुरुआत

■ **स्मार्ट मीटर से मोबाइल पर जान सकेंगे हर पल की बिजली खपत**



रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के लिए लगभग 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। पहले चरण में शासकीय विभागों में स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत आज पॉवर कंपनी के डंगनिया स्थित मुख्यालय में की गई। स्मार्ट मीटर में उपभोक्ता अपने घर में हो रही बिजली खपत की जानकारी हर पल मोबाइल एप के जरिये जान करेंगे, जिससे वे अधिक खपत दिखने पर अनावश्यक उपकरण बंद करके बिजली की बचत कर सकेंगे। स्मार्ट मीटर की स्थापना के लिए उपभोक्ताओं से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्यालय में आयोजित समारोह में पहले चरण में तीन स्मार्ट मीटर लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (संचारण-संधारण) श्री भीमसिंह कंवर ने कहा कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस (रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) के तहत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। रायपुर ग्रामीण व रायपुर शहर परिक्षेत्र में टाटा पॉवर को स्मार्ट मीटर लगाने व 10 साल तक उनके संधारण का कार्य दिया गया है।

इस मौके पर आरईसी के सीपीएम श्री प्रदीप फैलोज, टाटा पॉवर के डॉयरेक्टर सुरणजीत मिश्रा, सीईओ संदीप धमीजा सहित पॉवर कंपनी के मुख्य अभियंता (प्रोजेक्ट) श्री राजेंद्र प्रसाद सहित वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता को मीटर रीडिंग तथा बिलिंग संबंधी शिकायतों से निजात मिलेगी। उन्हें वास्तविक उपयोग के आधार पर सटीक व समय पर बिलिंग की सुविधा प्राप्त होगी। वे घर बैठे मोबाइल एप के माध्यम से अपनी खपत रीयल टाइम निगरानी कर सकेंगे, जिससे वे बिजली की बचत कर पाएंगे। वर्तमान मीटर में उपभोक्ता को महीने के अंत में अपनी खपत तथा बिल प्राप्त होता है, स्मार्ट मीटर लगने उन्हें प्रति दिन इसका आकलन हो सकेगा।

पहले चरण में शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, दूसरे चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर की स्थापना की जाएगी। योजना के आरंभ में उपभोक्ताओं को पहले से रिचार्ज नहीं कराना होगा, जब स्मार्ट मीटर की व्यवस्था पूरी तरह तैयार हो जाएगी, तब उपभोक्ताओं को घर बैठे रिचार्ज की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपभोक्ता अपनी जरूरत के मुताबिक मोबाइल की तरह बिजली के लिए प्री-पैड रिचार्ज करा सकेंगे। पॉवर कंपनी को स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी, लाइन लॉस का सही आकलन हो सकेगा, जिससे इस पर रोक लगाई जा सकेगी।

526 लोग हुए लाभान्वित

■ **विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार, उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास मन्त्री श्री अरुण साव के निर्देशानुसार रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के दिशा - निर्देशन में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान का दूसरा चरण निरन्तर प्रगति पर है । आज केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों को जानकारी देकर अधिकाधिक संख्या में लाभान्वित करने नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 1 के यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 और बंजारी माता मन्दिर वार्ड क्रमांक 5 के पाटीदार भवन भनपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण का शिविर दिन की पहली पाली में लगाया गया। शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम के यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 की पार्षद श्रीमती टेसू नंदकिशोर साहू , जोन 1 जोन कमिश्नर श्री एन. आर. चंद्राकर , कार्यपालन अभियंता श्री गजाराम कँवर एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

बालको मेडिकल सेंटर में ल्यूकेमिया पर बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर ने मैक्स फाउंडेशन और फ्रेंड्स ऑफ मैक्स के साथ मिलकर CML ((क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया)) और GIST रोगियों के लिए एक सहायता समूह की बैठक का आयोजन किया।

इस आयोजन का उद्देश्य मरीज़ों और उनके परिजनों को एक मंच प्रदान करना है जिसमें मरीज़ अपने इलाज के दौरान मिले अनुभव को साझा करते है वा मौजूद लोगो में बातचीत और परस्पर जुड़ाव को स्थापित करते हैं7 कार्यक्रम में मुख्य तौर पर मरीज़ों और परिजनों के सवालों का जवाब, भारत के प्रसिद्ध एवं अनुभवी चिकित्सकों द्वारा परिचर्चा कर दिया गया। मरीज़ों और परिजनों के कई गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

मैक्स फाउंडेशन की विजी वेंकटेश ने विश्व स्तर पर रोगियों के लिए मुफ्त दवा की सुविधा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता साझा की। बालको मेडिकल सेंटर की चिकित्सा निदेशक, डॉ. भावना सिरोही ने मैक्स फाउंडेशन के समर्थन की सराहना की और सहायता समूह की बैठकों के महत्व को दोहराया।

सामान्य प्रश्नों के उत्तर देने और रोगी मार्गदर्शक और समर्थक में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। बालको मेडिकल सेंटर, मैक्स फाउंडेशन और फ्रेंड्स ऑफ मैक्स का लक्ष्य मिलकर सीएमएल और जीआईएसटी के सभी रोगियों के लिए एक सहायक स्थान बनाना है।

बागेश्वर धाम समिति ने महाराष्ट्र मंडल को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। जय बागेश्वर धाम समिति गुढ़ियारी ने महाराष्ट्र मंडल को पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा के दौरान निःशुल्क स्वास्थगत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एक भव्य आयोजन में सम्मानित किया। महाराष्ट्र मंडल की ओर से यह सम्मान स्वास्थ्य समिति के प्रमुख अरविंद जोशी ने स्वीकार किया।

बताते चलें कि 17 से 23 जनवरी तक गुढ़ियारी में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर धाम) की कथा का सफलतम आयोजन किया गया। इसमें दूरदराज से पहुंचे लाखों भक्तगणों में से बीमार- पीड़ित व्यक्तियों के लिए मेडिकल बेड, व्हील चेयर, वॉकर, ऑक्सीजन कॉसंट्रेटर जैसी मेडिकल इक्यूपमेंट की सुविधाएं महाराष्ट्र मंडल ने निःशुल्क मुहैया कराई थी।

सात दिवसीय प्रवचन में महाराष्ट्र मंडल सहित जिन संस्थाओं ने आयोजकों को सहयोग दिया था, उन्हें गुढ़ियारी स्थित मां भारती विद्यालय में एक भव्य समारोह में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने ''द बर्डस् इन द स्टार्म'' पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने गत दिवस राजभवन में डॉ. भगवान जयसिंह द्वारा संपादित पुस्तक ''द बर्डस् इन द स्टार्म'' The Birds in The Storm का विमोचन किया। डॉ जयसिंह ओड़िया भाषा के प्रसिद्ध कवि एवं अनुवादक हैं। इस पुस्तक में अनेक विख्यात ओड़िया कवियों की लगभग 80 कविताओं का संकलन किया गया है।

कार्यक्रम में श्री माधव कौशिक, अध्यक्ष केन्द्रीय साहित्य अकादमी सहित छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के अनेक साहित्यकार एवं लेखक उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने डॉ. जयसिंह को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि डॉ. जयसिंह एक बहुत अच्छे अनुवादक हैं। डॉ. जयसिंह ने राज्यपाल की आत्मकथा ''बैटल नॉट यट ओवर'' का ओड़िया से अंग्रेजी में उत्कृष्ट श्रेणी का अनुवाद किया।

सुरक्षित दवाइयों के अनुप्रयोग को बढ़ावा देने में फार्मेकोविजिलेंस महत्वपूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। आयुष में प्रयोग की जाने वाली औषधियों पर फार्मेकोविजिलेंस संबंधी जागरूकता के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें फार्मेकोविजिलेंस को सुरक्षित और सटीक दवाइयों के उपयोग को बढ़ावा देने और ड्रग मॉलीक्यूल के डेटा को तैयार करने में महत्वपूर्ण बताया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने आयुष को साक्ष्य आधारित चिकित्सा प्रणाली बनाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि आयुष को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आयुष में फार्मेकोविजिलेंस को बढ़ावा देने और एडीआर रिपोर्टिंग पर बल दिया।

मुख्य वक्ता डॉ. रचना पालीवाल, सहायक ड्रग कंट्रोलर, सीडीएससीओ, दिल्ली ने मैजिक रेमिडिज एक्ट और इसे लागू करने में फार्मेकोविजिलेंस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनका कहना था कि आयुष प्रणाली के बढ़ते अनुप्रयोग से फार्मेकोविजिलेंस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो रही है।

महतारी वंदन योजना की अंतिम तिथि पर केंद्रों में उमड़ी भीड़

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य की महिलाओं को दी गई गारंटी को पूरा करने में जुट गए हैं। इसी के परिणाम है कि महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरने के अंतिम दिन जिले के सभी केंद्रों में महिलाओं की भारी भीड़ रही और उत्साह के साथ सभी ने अपना फॉर्म जमा किया। महिलाओं ने बताया कि हर महीने उन्हें योजना के तहत एक हजार रूपए उनके खाते में दिए जाएंगे, इसी प्रकार एक वर्ष में उन्हें 12 हजार रूपए मिलने वाले है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि वह कैसे इस योजना के माध्यम सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत बनने वाली है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के तहत् आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 की शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई। फॉर्म जमा करने की आखिरी तिथि पर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

शास्त्री बाजार में रहने वाली श्रीमती अनुराधा समुंद्रे ने बताया कि हर महीने एक हजार रुपए देने वाली राज्य सरकार की यह योजना सराहनीय है। इससे महिलाओं को बल मिलेगा और वह आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। उनकी एक छोटी सी दुकान है और महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से वह अपनी दुकान में ज्यादा से ज्यादा समान रख सकेंगी, जिससे कि उनके व्यवसाय को बढ़त मिलेगी। उनके पति श्री करन समुंद्रे ने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए हितकारी बताया और कहा कि इस योजना से लाभान्वित होने वाली महिलाओं के जीवन में बहुत ही सकारात्मक बदलाव आएगा। इस राशि से महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकेंगी।

नेहरू नगर, चांदनी चौक निवासी कु. डॉली देवांगन बताती है कि वह अपनी पड़ोस में रहने वाली अफसाना परवीन का फॉर्म जमा करने आई है।

भाजपा राज में अपराधी बेलगाम हो गए, आम आदमी सुरक्षित नहीं : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में बढ़ गयी अपराधिक घटनायें पर कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज के दो महिने में ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। भाजपा राज में अपराधी बेलगाम हो गये। प्रदेश में आम आदमी का जीवन सुरक्षित नहीं है।



शुक्ला ने कहा दुर्ग में 16 वर्ष की एक मासूम बच्ची के गले में ब्लेड मार कर हत्या की कोशिश किया गया। दो महिने में राजधानी में सरेआम गोलीबारी की दो घटनायें हो गयी। गृहमंत्री के गृह क्षेत्र कवर्धा में सरेआम हत्या हो गयी। ऐसी ही घटना पर सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाले भाजपाई इस घटना पर मौन हो गये हैं। राजधानी रायपुर से लेकर प्रदेश के सभी शहरो में लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी है। राजधानी में सरे आम चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गयी। एक दूसरी घटना में राजधानी में ही अपराधियों ने दौड़ा-दौड़ा कर युवक की हत्या कर दी। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदाते आम हो गयी है। सरकार बदलते ही ऐसा लगने लगा है जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बने अभी दो महिना नहीं हुये है प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं।

रेत घोटाले पर पर्दा डालने पीएम आवास को रेत देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार द्वारा पीएम आवास के लिये छोटे ट्रैक्टर से रेत मुफ्त में देने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में चल रहे रेत घोटाले पर से ध्यान हटाने उसी गांव में पीएम आवास के लिये रेत मुफ्त देने की बात की जा रही, जबकि रेत घाट वाले सभी गांव के लोगों को मुफ्त में रेत दी जानी चाहिये। अभी तक सरकार ने प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति ही नहीं दी गई, तो रेत का क्या होगा?

भाजपा सरकार ने 18.5 लाख आवास देने की घोषणा तो जरूर किया है लेकिन स्वीकृत किसी का नहीं किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये आवासो के अतिरिक्त किसी भी आवासहीन के खाते में एक रुपए भी साय सरकार ने नहीं डाली है।

सांसद दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण के रेत तीन गुने दाम पर बिक रही है जो रेत दो महीने पहले 8 से 9 हजार रू. ट्रक में बिक रही है। वह भाजपा की सरकार आने के बाद 24 से 25 हजार रू. तक में बिक रही है। प्रदेश भर में भाजपाईयों के रेत खदान हथियाने के लिये माफियावार चल रहा है।

किसानों को कर्ज मुक्त करने और फसल का समर्थन मूल्य देने में मोदी सरकार को पीड़ा क्यों हो रही

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि देश का किसान सड़कों पर आंदोलन कर रहा है और भाजपा की सरकार उनकी समस्याओं को नहीं सुन रही है। पहले भी 14 महीने के आंदोलन और 700 किसानो की शहादत के बाद प्रधानमंत्री जी ने माफी मांग कर किसानों का आंदोलन तुड़वाया था और किसानों के समस्याओं के लिए कमेटी बनाने की सिफारिश किया था आज तक उस पर कोई काम नहीं हुआ है।

आज एक बार फिर देश के किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर है और भाजपा और उनके अनुषांगिक संगठन किसानों को फिर बदनाम कर रहे हैं और मोदी सरकार किसानों की बात को नहीं सुन रही है. एक कॉल में फोन से चर्चा करने तैयार नरेंद्र मोदी जी ने अभी तक किसानों से चर्चा क्यों नहीं की है?

प्रवक्ता ठाकुर ने कहा कि देश के किसानों को कर्ज मुक्त करने और उनकी उपज का समर्थन मूल्य निर्धारण करने में मोदी सरकार को पसीना क्यों आ रहा है? मोदी सरकार चार फसलों कि समर्थन मूल्य तय करने तैयार है तो बाकी फसलों के समर्थन मूल्य तय करने में परहेज क्यों? नरेंद्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तब वो उपज के समर्थन मूल्य तय करने के हिमायती थे और आज प्रधानमंत्री हैं तब एमएसपी के खिलाफ क्यों हैं?

सुविचार

अच्छा दिल और अच्छा स्वभाव दोनों ही आवश्यक है। अच्छे दिल से नये रिश्ते बनेंगे और अच्छे स्वभाव से वे लंबे समय तक टिके रहेंगे। - अज्ञात

संपादकीय

संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस सदी के मध्य तक विश्व की लगभग तीन अरब आबादी पीने के साफ पानी के लिए तरसेगी संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए गए तो 2050 तक पानी के लिए त्राही त्राही मच जाएगी और करोड़ों लोग बूंद- बूंद पानी के लिए तरसेंगे। इस रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल वार्मिंग विश्वस्तर पर पानी की आपूर्ति के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनेगा संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान के बारे में काम करने वाली समिति के अनुसार हर साल कम से कम एक महीना ऐसा आता है। जब दुनिया की आधी आबादी को भीषण. जल संकट का सामना करना पड़ता है। दुनिया के लगभग सभी देशों की नदियां लगातार प्रदूषित हो रही हैं। आगे चलकर इनकी स्थिति और खराब हो सकती है। इंसानी गतिविधियों के कारण नाइट्रोजन, जहरीले कैमिकल और प्लास्टिक के कचरों की वजह से जल संसाधन प्रदूषित हो रहे हैं। वहीं खेती के लिए इस्तेमाल होने वाले रासायनिक खादों के कारण भी जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान ढूंढ़ना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र की इस चेतावनी को भारत गंभीरता से लें। भारत में लगातार बढ़ती आबादी के कारण अभी से यह स्थिति है कि गर्मी के मौसम में नदियां सूख जाती हैं और देश के अनेक राज्यों के समस्या मूलक क्षेत्रों में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती है। सरकार इस समस्या से निपटने के लिए प्यास लगने पर ही कुंआ खोदने वाली कहावत को चरितार्थ करती है। प्रदूषित पानी के सेवन के कारण बड़ी संख्या में लोग संक्रामक रोगों का शिकार बनते हैं। देश की राजधानी नई दिल्ली में ही गर्मी के मौसम में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता। वहां की यमुना नदी इस कदर प्रदूषित हो चुकी है कि पानी में झाग तैरते नजर आते हैं। यमुना की सफाई के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए फूंके जाते हैं लेकिन यमुना आज भी प्रदूषित है। जब देश की राजधानी का यह हाल है तो देश के अन्य राज्यों की स्थिति कैसे होगी इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालत इस कदर खराब हो जाती है कि लोगों को मीलों पैदल चलकर पानी लाना पड़ता है। भूजल स्तर गिर जाने के कारण हैंडपंप काम करना बंद कर देते हैं। जिसकी वजह से ग्रामीणों को विकट समस्या का सामना करना पड़ता है। जब भारत में अभी से भयावह जल संकट की स्थिति है। तो 2025 तक कितनी गंभीर स्थिति निर्मित होगी इसका अनुमान लगाया जा सकता है। भारत सरकार को चाहिए की वह संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी को मद्देनजर रखकर नदियों को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए वृहद कार्य योजना बनाए और इसके साथ ही भू-जल के अंधाधुंध दोहन को रोकने के लिए भी कारगर कदम उठाए अन्यथा 2025 में सबसे ज्यादा गंभीर पेयजल संकट की स्थिति भारत में ही निर्मित हो सकती है।

ध्वनि प्रदूषण पर रोक जरूरी

छत्तीसगढ़ में अगले महीने से छात्रों की परीक्षाएं शुरू होने जा रही है। सभी छात्र छात्राएं इन दिनों पढ़ाई में लगे हुए हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सके। इसके लिए यह जरूरी है कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगायी जाए। छात्रों को राहत देने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों ने यह निर्देश जारी कर दिए हैं कि छात्रों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए रात्रि दस बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक लगाई जाए। जो लोग इस आदेश की अवहेलना करते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रशासन ने आदेश जारी कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है लेकिन देखा जा रहा है कि प्रशासन के आदेशों को लोग गंभीरता से नहीं लेते। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत पहले ही ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए गाइड लाइन जारी की है। जिसमें रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है किन्तु सुप्रीम कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाकर लोग आधी रात के बाद तक लाउड स्पीकर ही नहीं बल्कि कानफोडू डीजे का भी मनमाना उपयोग करते है। छत्तीसगढ़ में मार्च अप्रैल माह में जब छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं चलती हैं। तभी शादी ब्याह का भी सीजन शुरू हो जाता है। शादी ब्याह के अलावा अन्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते रहते हैं। जिसमें आधी रात तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमाना उपयोग किया जाता है। यदि कोई छात्र या उनके अभिभावक इस मनमानी का विरोध करते हैं तो लड़ाई झगड़े की नौबत आ जाती है। ऐसी स्थिति में यह प्रशासन का ही दायित्व बनता है कि वह ध्वनि प्रदूषण को रोकने लिए संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय करें और उन्हें ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दें। जिसके तहत प्रशासन के आदेश का उल्लंघन करने वालों के ध्वनि विस्तारक यंत्र तब्त कर किए जाए। तब तक ऐसे कड़े कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक सिर्फ निर्देश जारी कर देने भर से इस समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा और प्रदेश के छात्रों को भारी शोर- शराबे के बीच ही अपनी पढ़ाई करनी पड़ेगी।

नीरज मनजीत

निर्देशित करते हुए कहा किसी भी कर्मचारी के अवकाश आवेदन पर अधिकारी साइन न करे, उस आवेदन को पहले कलेक्टर को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समाजकल्याण विभाग को जनदर्शन में आए पीएम आवास और दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुत्री मईया अस्पताल सक्ती के निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने सीएमएचओ सक्ती को निर्देशित किया। उन्होंने पीएम श्री योजना के तहत जिले के सभी पीएम श्री स्कूलों में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बैठक में आगामी बोर्ड परीक्षा के तैयारियों के संबंध में समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग को बुधवारी बाजार सक्ती में बन रहे स्टेडियम को गुणवत्तापूर्ण निर्माण, कृषि विभाग को लंबित ई केवाइसी आवेदनों के निराकरण, खनिज विभाग को परिवेश पोर्टल संचालन, उप स्वास्थ्य केंद्र डभरा और बाराद्वार के उन्नयन कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी भगत, जिला शिक्षा अधिकारी एल खरे, जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

'विद्यार्थी अनुशासित रहें और परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाएं'

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में कक्षा 11वीं के अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम के विद्यार्थियों द्वारा दोनों माध्यम के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजा-अर्चना कर प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम से मान्शु देवांगन एवं प्रेरणा डहरिया कक्षा 12वीं विज्ञान एवं हिन्दी माध्यम से कक्षा 12वीं विज्ञान से बिकेश्वर मिरे एवं कक्षा 12वीं वाणिज्य की छात्रा रिया कुर्रे मिस्टर/मिस फेयरवेल रहे। वहीं आयुष खुसरों कक्षा 12वीं

गणित अंग्रेजी माध्यम को स्टुडेंट ऑफ ईयर घोषित किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने प्राचार्य सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उपहार देकर उनका सम्मान किया। आशीर्वचन के रूप में शाला प्राचार्य डॉ. आईपी यादव ने अपने उद्बोधन में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को परंपरा का निर्वहन करते हुए अपने अग्रजों के लिए विदाई समारोह आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्यूज गैलरी

140 वृध्दजनों का किया गया सम्मान

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर वरिष्ठ नागरिक की सुरक्षा तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की तरह अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस के अवसर पर विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम भवानीपुर एंव यु0डी0आई0डी पंजीयन ग्राम गिधपुरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी वृध्दजनों कों वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम 2007 के बारे में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण विभाग के द्वारा दी गई। इसके साथ ही 121 वृध्दजन को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित व 19 दिव्यांग हितग्राहीयों का यु.डी.आई.डी कार्ड हेतु पंजीयन किया गया। कुल 140 हितग्राहियों को विभाग द्वारा लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग अरविंद गेडाम, जनपद सदस्य कुसुमलता ध्रुव, पलारी जनपद पंचायत समाज शिक्षा संगठक मारूती राव, ग्राम भवानीपुर, गिधपुरी सचिव, सरपंच, उप सरपंच सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

मछुवा सहकारी समिति का चुनाव 10 मार्च को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जय छत्तीसगढ़ आदिवासी मछुवा सहकारी समिति मर्या0 असनींद पं.क्र. 2447 के द्वारा राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ के निर्देश पर बोर्ड के सदस्यों का अनारक्षित वर्ग से 6, अन्य पिछड़ा वर्ग 1 एवं अनुसुचित जाति वर्ग 1 एवं अनुसुचित जनजाति वर्ग 3 जिसमें से महिला वर्ग के लिये आरक्षण, सामान्य (अनारक्षित) वर्ग 1 पद एवं अन्य पिछड़ वर्ग से1 पद के निर्वाचन हेतु दिनांक 25 फरवरी को नियोजन पत्र प्राप्त किये जायेंगें तथा 26 फरवरी को नियोजन पत्रों की जॉच की जायेगी, 27 फरवरी को उम्मीद्वारी वापस लेने, उम्मीद्वारों की अंतिम सूची का प्रकाशन आवश्यकता होने पर चुनाव चिन्ह आबंटन की जायेगी। तथा 3 मार्च को आमसभा आयोजित है जिसमें मतदान की आवश्यकता होने पर मतदान एवं मतगणना कराई जायेगी एवं 10 मार्च को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न होगा।

श्रद्धांजलि देने पहुंचे मोहन मरकाम

पलारी/नवप्रदेश । कोंडागांव विधानसभा के पूर्व विधायक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम ने पलारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के गृह ग्राम हरिनभट्ठा पहुंच कर उनके माता जी स्व श्रीमती शांति कुर्रे के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिवार जनों से मिलकर हाल चाल पूछा श्री मरकाम के साथ मुख्य रूप से बलौदा बाजार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, पूर्व प्रदेश महामंत्री पीयूष कोसरे, नगर पंचायत पलारी के पूर्व एल्डरमैन श्रीमती महेश्वरी कुर्रे ,सरपंच सुकदास बंजारे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि भीष्म देव सोनवानी, लखन लाल कुर्रे ,रामप्रसाद कुर्रे, रोहित कुर्रे, लोकनाथ पटेल ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों से मिले।

खरखरा जलाशय का जीर्णोद्धार, गुणवत्ता भगवान भरोसे

गरियाबंद। छुरा सिंचाई अनुविभाग में मौजूद खरखरा जलाशय का जीर्णोद्धार और लाइनिंग कार्य भगवान भरोसे चल रहा है. कार्य के गुणवत्ता से लेकर वर्क साइड में चल रहे भर्राशाही को देख कर लगता है की सिंचाई विभाग ने ठेका कंपनी के मर्जी पर सब कुछ छोड़ रखा है।

आप भी जानिए की आखिरकार हम ऐसा क्यों कह रहे हैं. इस कार्य के लिए कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में 7.8 करोड़ की मंजूरी मिली थी. कोरबा के ठेका कंपनी मेसर्स बी पी मिश्रा एंड कंपनी के साथ शासन का अनुबंध हुआ.

तय समय के मुताबिक कार्य को 25 जुलाई 2023 तक पुरा कर लिया जाना था. लेकिन आज भी अनुबंध में तय 40 फीसदी कार्य अधूरा पड़ा है. 1260 मीटर लंबे बांध के शीर्ष कार्य का पिचिंग सरकारी पत्थर से करने की छूट दी गई है।

विभाग के पुराने कार्य को डिस्मेंटल के बाद हजारों की संख्या में पिचिंग पत्थर निकाला गया था. विभाग की मेहरबानी के चलते उन्हीं पत्थरों को विभाग शीर्ष कार्य के मरम्मत के लिए बांध के मेड पर रखा हुआ है. कुछ जगह पर पिचिंग का कार्य आधा अधूरा हुआ है. जिसमें भी पिचिंग के लिए तय मापदंड का पालन नहीं किया गया है।

दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

- **ट्रक-कार के बीच जोरदार टक्कर, मौके पर चालक की मौत, आरोपी फरार**
- **कोरबा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, जांच में जुटी पुलिस**

बालोद/नवप्रदेश। जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां कार और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हुई है. हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई है. घटना के बाद से ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है. पुलिस आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश में जुट गई है.

बता दें कि पूरी घटना दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के कुसुमकसा गांव के आगे जमहि मोड़ की है. जानकारी के मुताबिक कार चालक खेमराज दल्लीराजहरा का रहने वाला है. जो अपनी कार क्रमांक सीजी 09 0330 से अपने भाई को लेकर गुजरा गांव छोड़ने गया था. भाई को छोड़ने के बाद वापस दल्लीराजहरा अपने घर जा रहा था, तभी कुसुमकसा के आगे जमहि मोड़ के पास ट्रक और कार के बीच भिड़ंत हो गई. घटना के बाद से ट्रक चालक फरार बताया जा रहा है. सूचना के बाद पुलिस और 108 की टीम घटना स्थल में पहुंची. 108 की मदद से मृतक को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. वहीं मौके पर पहुंची पुलिस अब जांच में जुट गई है.

इधर कोरबा जिले में रफ्तार का कहर जारी है. जहां एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया. बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

बता दें कि एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी. घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया. इस भीषण हादसे में बालको हाउसिंग बोर्ड निवासी शब्बीर खान की जान चली गई. पूरी घटना दर्री थाना अंतर्गत डेम के ऊपर की बताई जा रही है. घटना के बाद 112 के माध्यम से जिला मेडिकल कॉलेज में ले जाया गया. जहां शव का पंचनामा किया गया. पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

श्मशान घाट लड़ रहा अपने अस्तित्व की लड़ाई

चारों ओर गंदगी का आलम, न बिजली न ही पहुंच मार्ग की सुविधा

किरन्दुल/नवप्रदेश। । लौह नगरी किरंदुल से 2 से 3 किलोमीटर दूर स्थित स्वर्ग द्वार यानी मुक्तिधाम आज अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है आखिर कब तक यह मुक्तिधाम अपनी अस्तित्व के लिए लड़ाई लड़ती रहेगी किरंदुल - बचेली की कुल जनसंख्या 70 से 80 हजार की आबादी हैं और एक ही मुक्ति धाम है जहाँ मरणोपरांत लोग अंतिम संस्कार के लिये निर्भर रहते है जहाँ अमीर गरीब कुछ नही देखा जाता है सभी लोग इसी मुक्ति धाम शमसान घाट में अंत्येष्टि करते हैं ।

लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नही हैं, आज इस मुक्ति धाम को जाने वाली सड़क कीचड़युक्त है जो कीचड़ों से भरी हैं आस-पास की परिवेश गंदगी से जूझ रही हैं, इस मुक्ति धाम में बिजली का अभाव हैं, जब रात्रिकालीन किसी की देहांत होती हैं और लोग अंतिम संस्कार के लिए इस शमसान घाट को जाते हैं तब घोर अंधेरों में ही अन्तेयष्टि किया जाता है जिसमे आम लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं और न ही शुद्ध पेय जल की कोई व्यवस्था हैं यानी चारो ओर से यह स्वर्ग द्वार यानी मुक्ति धाम शमशान घाट आज कई परेशानियों से घिरी हैं लेकिन इन सबकी जिम्मेदारी लेने वाला आँखे बंद कर मौन बैठी हुई हैं ।इस विषय मे नगरवासी प्रवेश जोशी, महेश कश्यप , अनीश कर्मकार, कौशिक ढाली, रामा राव, मंगल भारती, राजेश साहू, आदि इन लोगो का कहना हैं कि किरन्दुल बचेली जो नवरत्न कंपनी की एरिया के नाम से विश्वविख्यात हैं लेकिन आज भी अंतिम संस्कार की जाने वाली धाम जिसे हम मुक्ति धाम कहते है आज आत्माओं को मुक्ति की जगह सूक्ति पढ़ने को मिल रही हैं ऐसे में आत्माओ को शांति कहाँ से मिलेगी जहाँ उन्हें शांति चाहिए वहाँ तो अशांति फैली हुई हैं । नगर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत हैं । नेताओं और मंत्री सिर्फ वोट के समय ही हाथ जोड़कर अपनी चेहरा जनता के सामने दिखाते हैं उसके बाद एसी वाली रूम में आराम से बैठे रहते हैं लेकिन उनको ऐसे पावन कार्य करने के लिए टाईम नही हैं ।

न्योता भोजन में कलेक्टर और सीईओ ने किया स्कूली बच्चों के साथ भोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में आज से स्कूलों में न्योता भोजन की शुरुआत हुई. जिसमें कसडोल की कृष्णा देवी गुप्ता के परिवार ने बलौदाबाजार पहुंचकर बच्चों को स्वादिष्ट भोजन कराया. इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन सहित अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पहले बच्चों को भोजन दिया तदुपरांत उनके साथ भोजन किया. इस अवसर पर कलेक्टर चंदन कुमार ने बच्चों को भोजन कराने एवं इस योजना में शामिल होने पर कृष्णा देवी गुप्ता का शालश्रीफल से सम्मान किया.

कलेक्टर चंदन कुमार ने बताया कि यह बहुत ही अच्छा अवसर है, जहां हम बच्चों के साथ आज अपनी खुशियां मनाई है और प्रत्येक व्यक्ति जो सक्षम है जो बच्चों के साथ खुशियां बाटना चाहता है. उसके लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने अच्छी योजना लाई है. हम लोगों से अपील करना चाहते हैं कि ग्राम पंचायत स्तर पर भी लोग सामने आये और बच्चों के साथ खुशियां बांटे. इससे शिक्षा के साथ संस्कार भी बच्चों में आयेगा. आज गुप्ता परिवार सामने आया है मैं उन्हें बधाई देता हूं. कसडोल का गुप्ता परिवार इसमें पहले सामने आया है और कृष्णा देवी गुप्ता ने सपरिवार स्कूल पहुंचकर बच्चों को भोजन कराया. उनके पुत्र के के गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी की पोषण शक्ति योजना के तहत छत्तीसगढ़ में न्योता भोजन योजना की शुरुआत हुई है और जब यह बात माता जी को पता चला तो उन्होंने सहस्त्र बच्चों को भोजन कराने कहा जिसपर आज स्कूल में बच्चों को भोजन कराया गया. जिसमें कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन सहित जनप्रतिनिधि व शिक्षक उपस्थित थे।

पीएम आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता से करें पूरा : कलेक्टर

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें आज विशेष रूप से पीएम आवास योजना के संबंध में जानकारी लेते हुए हितग्राहियों को इस योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पीवीटीजी समुदाय के वृद्धजनों को पेंशन योजना से शत प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सर्वे सूची बनाने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ विभिन्न विभागों के चल रहे निमार्ण निकायों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने काम में तेजी लाने के निर्देश संबधित अधिकारीयों को दिए है। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली।

भाजपा के गांव चलो घर-घर चलो अभियान में जुड़ रहे कार्यकर्ता

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। गांव चलो घर-घर चलो अभियान को लेकर बलोदा बाजार के बूथ क्रमांक 131 में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने घर चलो गांव चलो अभियान चलाया कार्यकर्ता राम जानकी मंदिर पहुंचकर परिसर की साफ सफाई की तथा मंदिर में सभी कार्यकर्ता राम जानकी की पूजा अर्चना कर गांव चलो घर चलो अभियान में जुट गए इस अभियान में कार्यकर्ता आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए घरों में जाकर मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते दिखे कार्यकर्ता घर पहुंच कर महिलाओं को महतारी वंदन योजना की जानकारी देते दिखे जिन महिलाओं का महतारी वंदन योजना में फॉर्म नहीं भराया गया है उन सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना का फॉर्म ऑनलाइन भरने की सलाह कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई।

इसी तरह केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रत्यक नागरिकों को दे रहे हैं जैसे की अनुच्छेद 370 समाप्त कर पूरा जम्मू कश्मीर को भारत का अंग बनाया गया जिस तरह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना मुफ्त में अनाज सभी गरीबी रेखा से नीचे रह रहे नागरिकों को सरकार द्वारा दिया जा रहा है धन पर 2 साल का बकाया बोनस का भुगतान एक मुफ्त किया गया प्रति एकड़ 21 कुंटल धान की खरीदी और 3100 सौ रुपए कुंटल धान की खरीदी की गयी महतारी वंदन योजना में महिलाओं को प्रतिमा?1000 सालाना?12000 की राशि भुगतान की योजना की भी जानकारी दी गई इसी तरह युवाओं को मिलेगा न्याय पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच कराई जाएगी तेंदूपत्ता?5500 प्रति मानक बोरा खरीदी किया जाएगा छत्तीसगढ़ के 18 लाख परिवारों को पक्का घर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा जिसकी राशि का भुगतान लाभार्थी को सीधे मिल पाएगा रामलला के दर्शन योजना को कैबिनेट की मंजूरी दे दी गई है शीघ्र ही आम जनता अयोध्या जाकर प्रभु श्री राम के दर्शन कर पाएंगे इसी तरह केंद्र की योजना में मुक्त रसोई गैस कनेक्शन करोना काल में मुफ्त टीके लगवाने का काम सरकार द्वारा किया गया भाजपा शासन काल में अब तक 19 नये एम्स का निर्माण किया गया देश का कृषि बजट 5 गुना बढ़ाया गया।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बना राष्ट्रीय आंदोलन इसी तरह किसानों को खाद में सब्सिडी देशभर में 260 मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई।

हसदेव जंगल कटाई के विरोध में पैदल यात्रा पर निकली

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद नगर के शिक्षक नगर में निवास करने वाली 27 वर्षीय बेटी कनक लता सिंग पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की उद्देश्य को लेकर अकेले 200 की पद यात्रा में निकल कर शासन प्रशासन और आम लोगो को पेड़ लगाने और जंगल कटाई बंद करने जागरूक करते हुए एक प्रयास कर रही है।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के हसदेव जंगल में लगभग दो लाख पेड़ो की कटाई किया जाना है,वही वर्तमान में 30 से 40 हजार बड़े बड़े झाड़ को काटा जा चुका है।इस जंगल की कटाई को लेकर समय समय पर राज्य के विभिन्न शहरों में विभिन्न तरह से विरोध किया गया है,फिर भी जंगल की कटाई जारी है।उसका विरोध करने के लिए पर्यावरण प्रेमी एम ए समाज शास्त्र उत्तीर्ण नगर की बेटी कनक लता सिंग के द्वारा मंगलवार को गरियाबंद से हसदेव तक के लगभग दो सौ किलोमीटर की दूरी तय करने पैदल यात्रा में निकल पड़ी।गौरतलब है की कनक लता इससे पहले भी केदारनाथ के कंठा पहाड़ तक पदयात्रा कर कंठा पहाड़ के ऊपर तिरंगा झंडा फहरा चुकी है।वही आत्मविशास से भरी नगर की बेटी कनक लता का कहना है की वे गरियाबंद से निकलकर प्रति दिन पच्चीस किलोमीटर का पद यात्रा कर जिस नगर या ग्राम में पहुंचेगी वही रात विश्राम कर दूसरे दिन पुनः यात्रा प्रारंभ करेगी।

भारतीय संस्कृति की आधार शिला कृषि और ऋषि परंपरा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। दर्री शिवनाथ नदि तट स्थित चल रहे लक्ष्मी।नरायण यज्ञ के तहत चल रहे श्री राम कथा मे तिरखेड़ी आश्रम (महाराष्ट्र)से पधारे संत रामज्ञानी दास जी महात्यागी जी ने अपने छटवें दिन की कथा में केवट प्रसंग की चर्चा करते हुए बताया कि, जिन चरणों को देखने के लिए देवता भी तरसते हैं आज वही केंवट,निष्काम भक्ति के घाट में भगवान के चरणों को धो लिया,यही तो निष्काम भक्ति है,और जब हम और आप भी निष्काम भक्ति के तट पर बैठ जाएंगे तो कुछ मांगने की आवश्यकता नही पड़ेगी परमात्मा स्वयं ही आ जाएंगे किसी न किसी रूप में तुमसे मांगने,जैसा कि केवट से नाव मांगने उनकी निष्काम भक्ति की घाट पर गए,बस जीवन मे निष्काम भाव होना चाहिये ,संत श्री ने आगे बताया कि,जहां संत हैं वहां स्वार्थ नही,और जहां स्वार्थ है वहां संत नही होना चाहिए, उन्होंने श्रोता समाज को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की जो मूल आधार शिला ऋषि और कृषि परम्परा ही है,जिस तरह ऋषियों के यज्ञ के प्रशाद से श्री राम का प्राकट्य हुआ,उसी तरह कृषि परम्परा के तहत ,जनक जी के द्वारा हल चलाने से धरती।से सीता की भी उतपत्ति हुई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
आईओटी उपकरणों / इंटेलिजेंट फील्ड
निविदा सूचना क्रमांक : Sr. DEE (RS&G) BSP/OTP/23-24-15 दिनांक 16.02.2024
निविदा मूल्य : ₹ 1,17,68,606.72/-
अग्रिम राशि : ₹ 2,18,900/-
दिनांक 11.03.2024 के 15.00 बजे।
www.ireps.gov.in
वरि. मंडल विद्युत अभि. (RS&G)
South East Central Railway

एलईडी वेन व कला जत्था ने ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन तथा कला जत्था के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कलाकारों के द्वारा रोचक ढंग से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके तहत जिले के ग्राम परचेली, बेंगलुरु में शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। जहां बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने सरकार द्वारा योजनाओं के विषय में चलाई गई लघु फिल्म को देखा, जिसे लेकर सभी में बेहद उत्साह देखने को मिला। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कला जत्था की टीम और एलईडी वैन से प्रारंभ किया गया है। यह वैन जिले के सभी विकास खंडों और गांवों में शासन की योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सुदूर अंचल ग्रामों का भ्रमण करेगी। ताकि योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

स्कूल में पढ़ाई की बजाय करा रहे बच्चों से मजदूरी

बालोद/नवप्रदेश। जिले के नेशनल हाइवे-30 में स्थित जगतरा गांव के हाईस्कूल में पढ़ाई नहीं बच्चों से मजदूरी करवाई जा रही है. हाईस्कूल के प्रभारी प्रिंसिपल बच्चों को रापा और धमेला पकड़ाकर मजदूरों की तरह काम कराते पाए गए हैं. पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है. अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर बच्चे स्कूल पढ़ने आते हैं या मजदूरी करने.

बता दें कि जगतरा गांव के हाईस्कूल स्कूल में क्यारी और मंदिर का निर्माण शाला के आकस्मिक निधि से कराया जा रहा है. जहां पैसे बचाने के लिए मजदूरों के बजाया बच्चों से काम लिया जा रहा है. बच्चों ने नाम नहीं बताने की शर्त में बताया कि आज काम करने के लिए मिस्त्री नहीं आए हैं और हमे हमारे प्रभारी प्रिंसिपल ने कड़कती धूप में काम करने कहा है, इसलिए काम कर हैं. अब जैसा सर कहेंगे वही तो हम करेंगे.

पूरे मामले को मीडिया के कैमरे में कैद होते देख प्रभारी प्रिंसिपल ने अपना नाम तक बताना मुनासिफ नहीं समझा और गैरजिम्मेदाराना बयान देते हुए यह कह दिया कि अब आपको जो करना है करो. वहीं पूरे मामले में संवेदनशील कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल को लल्लूराम डॉट काम के रिपोर्टर के माध्यम से जानकारी दी गई तो उन्होंने कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 से 2 तक दिनांक 29.02.2024 तक एवं सरल क्र. 3 से 4 तक दिनांक 06.03.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र. / दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	304	नवीन व्यवहार न्यायालय भवन, खरसिया जिला रायगढ़ में रैम्प निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़।**	23.35
2	305	हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत् साधारण पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर।**	25.00
3	306	शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र बिलासपुर में नवीन शेड भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर ।**	45.36
4	307	शासकीय हाईस्कूल मटिया में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य। विद्युतीकरण सहित। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1, बिलासपुर।**	109.83

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-07933/6

न्यूज गैलरी

कन्या विद्यालय में क्विज स्पर्धा और विज्ञान प्रदर्शनी

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में विगत दिवस राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत क्विज और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस क्विज स्पर्धा एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखण्डों के प्राथमिक स्तर के 80 विद्यार्थियों एवं 30 शिक्षकों की सहभागिता रहीं। जिसमें प्रारंभिक स्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा पाठ्यपुस्तक के विज्ञान एवं गणित के क्रियाकलापों का प्रदर्शन किया गया। चारों विकासखण्डों के नोडल शिक्षकों के द्वारा इन प्रयोगों के प्रदर्शन हेतु किट का निर्माण किया गया था, जिसे अध्यापक अपनी कक्षागत कार्यों में प्रयोग कर सकेगें।

उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक सहायक संचालक, सहायक जिला परियोजना अधिकारी जिला शिक्षा कार्यालय दंतेवाड़ा एवं प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज कार्यक्रम में विकास खण्ड गीदम एवं कुआकोंडा के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दो दिवसीय वार्षिक मेला 26 से

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राम पटौद में दो दिवसीय वार्षिक मेला सोमवार 26 फरवरी से शुरुआत होगी। ग्राम पटौद के वार्षिक मेला को रजवाड़ी मेला भी कहा जाता है। इस अवसर पर रात्रिकालीन राज्य स्तरीय डी.जे. डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी महेन्द्र सलाम ने दी।

पुराने सिक्कों के बदले ज्यादा पैसों का झांसा देकर ठगी

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव जिले के केशकाल में अंधविश्वास के चलते एक ग्रामीण से 8 लाख रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है. हालांकि पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए सप्ताह भर के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन लगातार इस तरह के मामले बस्तर में बढ़ते ही जा रहे हैं। ग्रामीण ने आरोपी युवक के झांसे में आकर अलग-अलग बैंक खाते में साढ़े 8 लाख रुपये जमा करवा दिये. इसके बाद और पैसे की डिमांड करने के बाद ग्रामीण ने अपने आपको ठगी महसूस करते हुए पुलिस को इसकी जानकारी थी और पुलिस ने आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। चार दिन के रेकी के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, कंप्यूटर और कुछ नगद राशि भी बरामद की गई है।

8 लाख रुपये की ठगी की

कोंडागांव के एडिशनल एसपी दौलत राम से मिली जानकारी के मुताबिक केशकाल विकासखंड के इरागांव के निवासी बलिराम कोर्राम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पास पुराने सिक्के के कलेक्शन रखे हुए हैं।

राजस्थान के रहने वाले एक मौसम नाम के युवक ने इन सिक्कों के बदले उन्हें 53 लाख रुपए देने का लालच दिया, लेकिन इतनी बड़ी रकम पाने के लिए कुछ रकम जमा करने का झांसा दिया। इसके बाद आरोपी युवक ने अलग अलग बैंक खाते में रकम डलवाते हुए बलिराम से साढ़े 8 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस रकम को यूपीआई के माध्यम से भी आरोपी की तरफ से डलवाया गया। इसके बाद और पैसे की डिमांड करने से बलिराम कोर्राम ने खुद को ठगी का शिकार महसूस करते हुए तुरंत केशकाल थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बलिराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने तुरंत इस मामले की छानबीन शुरू कर दी और साइबर सेल टीम की मदद से जिस खातों में रकम डलवाया गया उन सभी खातों की जांच की और उसके बाद आरोपियों की पतासाजी के लिए एक टीम गठित कर राजस्थान रवाना किया गया।

पुलिस की टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान के भरतपुर मेवात क्षेत्र और हरियाणा के नूह क्षेत्र में कैंपिंग कर आरोपी के रहने की संभावित ठिकानों पर लगातार चार दिनों तक नियमित रूप से रेकी की और आरोपी के तस्दीक के बाद राजस्थान के लोकल पुलिस की मदद से उनके ठिकाने की घेराबंदी कर एक आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया। कोंडागांव एडिशनल एसपी दौलतराम पोर्ते का कहना है कि जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना के आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन पूर्ण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन निर्धारित तिथि 22 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को दिए। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत अंतिम तिथि 20 फरवरी तक 1 लाख 83 हजार 430 आवेदन प्राप्त

हुए हैं, जिनमें से लगभग 20 हजार आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन अभी शेष है। उन्होंने सभी प्रविष्टियां पूर्ण करने के पश्चात प्राप्त होने वाली दावा-आपत्तियों का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों की सूची जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए। एक सप्ताह के अंदर धान उठाव के निर्देशः कलेक्टर ने जिले के सभी 149 उपार्जन केन्द्रों में धान के उठाव की जानकारी लेते हुए काटे गए डीओ के विरूद्ध आगामी एक सप्ताह के भीतर परिवहन सुनिश्चित कराने के लिए खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में किसानों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के भुगतान की जानकारी कलेक्टर ने ली।

नोडल अधिकारी सीसीबी ने बताया कि जिले के लगभग 85 प्रतिशत किसानों के खाते में राशि जा चुकी है।

सीएम के जन्मदिन पर युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। सीएमी विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आह्वान पर सीएम के जन्म दिन पर उनके विचार अनुरूप स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीब कल्याण एवं अन्य माध्यमों से लोगों के बीच रहकर मनाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इसी परिपेक्ष्य में युवा मोर्चा दंतेवाड़ा द्वारा जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जरूरत मंदों के लिए रक्तदान किया गया। युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक बाजपेई ने स्वयं रक्तदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कुलदीप

ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी नाथ यादव व अभिषेक राठौर, बारसुर मंडल अध्यक्ष राजेश नाग आदि ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, श्रवण कड़ती, खिरेन्द्र ठाकुर, सुश्री लक्ष्मी यादव, अजय अवस्थी, राजतिलक यादव, निखिल नाग, नंदलाल यादव, चंद्र कांत, हरमिंदर, अनिश जार्ज, अजय तेलाम, हिमांशु, प्रताप मांझी, शिव प्रताप, ईश्वर कश्यप, आदर्श ओसवाल, यशवंत निषाद, विकास सिंह, चंदन राय एवं अन्य युवा मोर्चा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

बस्तर परिवहन संघ का चुनाव 25 को

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर परिवहन संघ के लिए इस महीने होने वाले चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 25 फरवरी को बस्तर परिवहन संघ के कुल सात पदों के लिए चुनाव होना है, इसके लिए 23 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार चुनाव के लिए खड़े हुए तीन पैनल के बीच कांटे की टक्कर है। अध्यक्ष पद के लिए एकता पैनल से अमरजीत सिंह, सचिव पद के लिए राजेश झा ने नामांकन दाखिल किया है तो वहीं अपना पैनल से अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मलकीत सिंह गैदु और सचिव पद के लिए रविन्द्र सिंह परहार चुनावी मैदान में हैं।

23 प्रत्याशी मैदान में: हम सबका पैनल से अध्यक्ष के लिए प्रदीप पाठक और और सचिव के लिए महेंद्र सिंह नयन चुनाव लड़ रहे हैं. इसके अलावा उपाध्यक्ष और सह सचिव के लिए दो प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। मंगलवार को नाम वापसी की अंतिम प्रक्रिया पूरी की गई और कुल 23 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। 25 को होगा मतदानः बस्तर परिवहन संघ एशिया के सबसे बड़े ट्रक यूनियन में से एक है, इसमें 3100 से ज्यादा संघ के सदस्य हैं। हर साल बस्तर परिवहन संघ का चुनाव किया जाता है। इस संघ को चलाने के लिए अध्यक्ष के साथ कुल सात पदाधिकारी इसका संचालन करते हैं, हालांकि पांच साल पूर्व परिवहन संघ विवादों में रहने के चलते इसे बंद कर दिया गया था और प्रशासन के द्वारा संघ के कार्यालय में तालाबंदी कर पूरा कामकाज ठप कर दिया गया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर परिवहन संघ को फिर से खुलवाया और अब हर साल इस संघ के लिए बकायदा चुनाव होते हैं और यह चुनाव बाकि आम चुनाव की तरह ही होता है।

कुक्कुट पालन से भूमे बाई को मिली आर्थिक मजबूती

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कुक्कुट पालन आजीविका संवर्धन इकाई का सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्षेत्र रहा है। कारण है कि कुक्कुट पालन सीमित लागत खर्च, मेहनत, और किसी भी परिवेश में सरलता से प्रारंभ किया जा सकता है। इसके अलावा चूजे, मुर्गे मुर्गियों एवं अंडे की मांग हाट बाजारों में सदैव बनी रहती है। अगर कुक्कुट पालन को उन्नत एवं व्यवस्थित रूप दिया जाना हो तो कुक्कुटों के लिए दाना, पानी की समुचित व्यवस्था प्रबंध, टीकाकरण, उपचार एवं उनके रखने के लिए विशेष स्थान चयन एक महत्वपूर्ण घटक होता है। इस प्रकार कुक्कुट पालन में इन सब बातों का ध्यान रखा जाए तो एक ग्रामीण परिवार इस व्यवसाय के माध्यम से अपने जीवन स्तर में सुधार ला सकता है। इसी प्रकार अपने जीवन स्तर में बदलाव लाने का श्रेय ग्राम पंचायत गढ़मिरी की निवासी श्रीमती भूमे बाई कुक्कुट पालन को देती है उनका कहना था कि कृषि में पर्याप्त आमदनी नहीं होने के कारण वे आय के अन्य साधन की खोज में थी। शुरूआत में परिजनों के साथ उसने मुर्गी पालन करने के संबंध में विचार किया, परन्तु मुर्गियों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखने के लिए उनके पास झोपड़ी नुमा छोटी सी कोठरी ही थी।

चिकित्सा विशेषज्ञों के 8 और अधिकारियों के 10 पदों पर होगी नियुक्ति

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिला खनिज न्यास निधि (डी.एम.एफ.) के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के स्वीकृत पद के विरूद्ध एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए पूर्व में सृजित चिकित्सा विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारी के प्रसूतिशास्त्री के 02 पद, बाल चिकित्सा (एमडी) 02 पद, निश्चेतना विशेषज्ञ के 01 पद, चिकित्सक के 01 पद, ईएनटी विशेषज्ञ के 01 पद, हड्डी रोग विशेषज्ञ के 01 पद तथा चिकित्सा अधिकारी के 10 पदों पर भर्ती किया जाना है। कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अनुमोदन उपरान्त जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा हेतु 08 चिकित्सा विशेषज्ञों एवं 10 चिकित्सा अधिकारियों के पदों को संविदा (डी.एम.एफ.) के अन्तर्गत पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05 मार्च दिन मंगलवार रात्रि 12 बजे तक, एवं वर्चुअल इंटरव्यू तिथि 7 मार्च गुरुवार प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक निर्धारित है।

जंगल में जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने 90 हजार रूपये के साथ गिरफ्तार किया

कोंडागांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार) द्वारा जिला कोण्डागांव क्षेत्र अन्तर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब बिक्री, गांजा तस्करी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 19/02/2024 को मुखबीर सूचना पर थाना धनोरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उपरबेदी के जंगलों में कुछ लोग अवैध जुआ खेल रहे हैं, सूचना पर सायबर सेल एवं थाना धनोरा की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल उपरबेदी जंगल धनोरा का घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें से कुछ जुआरी पुलिस को

चकमा देकर भागने में सफल हुए तो वहीं सात जुआरी मोहम्मद ईकबाल पिता स्व. मोहमद इब्राहिम उम्र 50 वर्ष साकिन केशकाल,मनीलाल नाग पिता लक्ष्मीनाथ नाग उम्र 29 वर्ष साकिन फुण्डेर,चन्द्रप्रकाश देहारी पिता छब्बीराम देहारी उम्र 25 वर्ष साकिन जैतपुरी थाना कोण्डागांव ,दिलेश्वर प्रधान पिता घनश्याम प्रधान उम्र 29 वर्ष साकिन बदवर धनोरा,देवराम नाईक पिता गणेश राम नाईक उम्र 46 वर्ष साकिन कोदोभाट केशकाल , विकाश राजपुत पिता जगदीश राजपुत उम्र 30 वर्ष साकिन धनोरा, देवकुमार प्रधान पिता लछीन्दर प्रधान उम्र 35 वर्ष साकिन धनोरा को मौके से गिरफ्तार भी किया गया।

3 मार्च को चलाया जायेगा पल्स पोलियो अभियान : कलेक्टर

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों जैसी घातक बीमारियों से बचाने के लिए पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च को कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयोजित किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर के अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में जिले के नोडल अधिकारी डॉ. रूद्र कश्यप द्वारा इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 03 मार्च 2024 को पल्स पोलियो अभियान पूरे जिले में चलाया जाना है। जिसमें 0 से 5 वर्षीय सभी बच्चों को पल्स

पोलियो ड्राप पिलाया जाना है। जिसके प्रथम दिवस में बुथ के द्वारा तथा अन्य दो दिवस 04 एवं 05 मार्च में गृह भेंट कर बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाना है। इसके लिए जिले में पल्स पोलियो पिलाये जाने हेतु 74110 बच्चों को लक्षित किया गया है।इस अभियान हेतु जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रचार-प्रचार किया जा रहा है। इस हेतु कलेक्टर द्वारा सभी विभागों से समन्वयक कर शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की दवा पिलाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचो, नगरीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित कर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग प्राप्त करने हेतु कहा।

खुंटेपाल को मिला नया पंचायत भवन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कुआकोंडा के सुदूर वनांचल ग्राम खुंटेपाल में ग्राम पंचायत भवन का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खुंटेपाल वर्ष 2020 से पहले ग्राम पंचायत श्यामगिरी का आश्रित ग्राम था। जिसे वर्ष 2020 में एक नवीन पंचायत बनाया गया। नवनिर्मित ग्राम पंचायत खुंटेपाल में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू तौर पर लागू करने एवं ग्रामीणों को शासकीय योजना का लाभ सुगमता से उपलब्ध करवाने के लिए एक प्रशासनिक भवन की आवश्यकता थी।

महत्वपूर्ण शासकीय योजनाएं जिसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सहित जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसी मूलभूत प्रशासकीय सुविधाएं सुगमता से ग्राम पंचायत में ही प्राप्त होती है। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया जाना अनिवार्य होता है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नवनिर्मित ग्राम पंचायत खुंटेपाल की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए एक नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से राशि 11.42 (ग्यारह लाख बयालीस हजार रूपये) की लागत से प्रदाय की गई।

मनरेगा के अधिकारी एवं तकनीकी सहायक सहित कर्मचारियों की तत्परता एवं प्रयासों से जल्द ही नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य समय से पूर्ण हो जाने से अब ग्राम पंचायत खुंटेपाल के निवासियों को अपना प्रशासनिक भवन मिल चुका है और अब उन्हें जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेंशन जैसी मूलभूत प्रशासनिक सुविधाएं सुगमता से प्राप्त हो रही है साथ ही साथ ग्राम पंचायतों हेतु संचालित केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वे ले पा रहें है। इस प्रकार नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण की सुविधा से क्षेत्रीय ग्रामीण हर्षित हैं।

नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में अंतरविभागीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित अंतर विभागीय खेल महाकुम्भ 2024 का भव्य शुभारंभ वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एवं मंडल खेल अधिकारी अनुराग सिंह और सहायक कार्मिक अधिकारी राघवेंद्र सिंह बुंदेला के द्वारा गगन चुमती आसमानी गुब्बारे को छोड़ कर नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, बिलासपुर के कार्यकारणी सदस्यों सचिव सी नवीन कुमार, उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, सह-सचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, टुर्नामेंट सचिव दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट सह-सचिव दीपक राजा गुरूंग, सह-कोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढ़ी, इनडोर इंचार्ज डी मुरली धर, आउटडोर इंचार्ज टी सम्मुख राव, लाइब्रेरी इंचार्ज श्रीराम यादव की उपस्थिति में विधिवत् उद्घाटन किया गया। यह जानकारी मिडिया प्रभारी हेमंत सिंह परिहार ने दी है। अतिथियों का स्वागत कार्यकारणी सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ और बुके से किया गया एवं उन्हें स्मृति चिन्ह् भेंट किया गया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच पिछले वर्ष की विजेता टीम इलेक्ट्रिकल विभाग एवं यांत्रिकी विभाग के मध्य खेला गया। मैच बहुत ही रोमांचक रहा दोनो टीमें लगातार प्रयास करती रही पर गोल नहीं हो पाया।

सावित्री मंडावी ने की कोड़ेकुर्से में नायब तहसीलदार तैनात करने की मांग

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर के द्वारा शून्यकाल के दौरान कोड़ेकुर्से उपतहसील का मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि

उनके क्षेत्र भानुप्रतापपुर का सुदूर व अतिसंवेदनशील क्षेत्र कोड़ेकुर्से में तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों व आम नागरिकों के सुविधाओं के लिए दो वर्ष पूर्व उपतहसील का दर्जा दिया है। लेकिन वहां पर लोगों को कोई सुविधा नहीं मिल रहा है। क्योंकि वहां पर अभी नायब तहसीलदार की पदस्थापना नहीं हुई है। इस कारण राजस्व से जुड़े कोई भी काम कोड़ेकुर्से में नहीं हो रहा है। कभी कभार बाबू आकर बैठता है , पर किसी तरह का कोई विभागीय कार्य नहीं होता। लोगों को संबंधित कार्य का के लिए दुर्गुकोन्दल जाना पड़ता है। विभागीय मंत्री से निवेदन है कि तत्काल कोड़ेकुर्से उपतहसील में नायब तहसीलदार की पदस्थापना की जाए। ताकि क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधी प्रकरण के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। साथ ही मंगलवार को अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान गृह एवं जेल से मांगों पर चर्चा करते हुए कहा कि चौकी कच्चे के लिए नए भवन के लिए 44 लाख 83 हजार का प्रावधान किया है। इसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। चूंकि अति संवेदनशील क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं इस

लिहाज से संबंधित विभाग पर मेरा ज्यादा हक बनता है। और इसी हक के साथ में कहना चाहेंगी कि उनके क्षेत्र के अंतर्गत 5 थाना व 4 चौकी आते हैं, जिसमें क्रमशः थाना चारामा में पेट्रोलिंग हेतु वाहन एवं स्टॉफ हेतु भवन, भानुप्रतापपुर में नया थाना भवन व स्टाफ के लिए भवन, कोरर में थाना भवन की मरम्मत, स्टाफ के लिए भवन व बैरक निर्माण,दुर्गुकोन्दल में थाना प्रभारी हेतु भवन एवं स्टाफ के लिए भवन तथा कच्चे में बैरक निर्माण व महिला स्टाफ के लिए भवन की आवश्यकता है। जिसके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। इन समस्याओं पर गौर करते हुए बजट में शामिल करने की कृपा करेंगे। ठीक उसी प्रकार मांग संख्या 30 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सुदृढ़ीकरण अन्तर्गत केवल 5 सड़कों के निर्माण में सतह मजबूतीकरण हेतु बजट में प्रावधान किया गया है जबकि बहुत सारे सड़कों की सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत एवं मौलिक सुविधाओं के विस्तार हेतु जिला पंचायत विकास निधि के तहत जो जिला पंचायत अध्यक्षों को 15 लाख, उपाध्यक्षों को 10 लाख तथा सदस्यों को 4 लाख रुपए का प्रावधान है उसे भी बढ़ाए जाने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जो ग्रामीण बीपीएल परिवार की महिलाओं को समूह के रूप में संगठित कर बैंकों के माध्यम से 3 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है निश्चित ही स्वागत योग्य है। लेकिन यह जो 3 प्रतिशत ब्याज दर निर्धारित किया गया है उसे 0 प्रतिशत होना चाहिए था। क्योंकि स्वयं सहायता समूहों के ऋण माफी का कोई प्रावधान नहीं है।

सीएम ने भगवान जगन्नाथ के रथ के पहियों की पूजा-अर्चना के बाद प्रदेश के सुख-समृद्धि की कामना

■ **मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर पहुना में रथ के शुभ आगमन पर उत्साह का माहौल**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में आज सुबह भगवान जगन्नाथ एवं बलभद्र जी के रथ के पहिये का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर भगवान जगन्नाथ से प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। नंदीघोष रथ में भगवान जगन्नाथ एवं बलभद्र के रथ का पहिया रखा गया है, जिसका रायपुर शहर के विभिन्न वार्डों में भम्रण कराया जा रहा है।

गौरतलब है कि जगन्नाथ पुरी का प्रसिद्ध मंदिर भारत के ओडिशा राज्य में स्थित है। यहां पर प्रतिवर्ष आषाढ़ (जून-जुलाई) के महीने के शुक्ल पक्ष के दूसरे दिन से रथयात्रा का कार्यक्रम शुरू होकर नौ दिनों तक चलता है। इस रथ के पहिये को पिछले 12 दिनों से रायपुर शहर के विभिन्न वार्डों में आमलोगों के दर्शन हेतु भम्रण कराया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण संयोग रहा कि आज सुबह मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जन्मदिन के अवसर पर राज्य अतिथि गृह पहुना में भी बाजे-गाजे के साथ रथ का शुभ आगमन हुआ। इससे पूरे पहुना परिसर में उत्साह का माहौल बन गया।

इस मौके पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री तथा विधायक श्री अमर अग्रवाल एवं विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

सीएम साय ने पत्नी कौशल्या संग की गुरु धनपति पंडा की पूजा

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम बगिया निवास में आज अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय एवं परिजनों के साथ अपने गुरु धनपति पंडा की विशेष पूजा की। मुख्यमंत्री हर साल अपने जन्मदिन पर गुरु की पूजा करते हैं।

बच्चों के साथ मुख्यमंत्री ने काटा केक

बगिया शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक आश्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर केक काटा और बच्चों को केक खिलाया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बच्चों को खूब दुलार किया। इस मौके पर पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव भी मौजूद रहे।

सीएस जैन, डीजीपी जुनेजा ने दी सीएम को जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दी जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्त वार्ता) श्री अमित कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद, श्री बसवराजु एस, श्री राहुल भगत, रायपुर कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह उपस्थित रहे।

न्योता भोज के दौरान अपनी थाली की मिठाई सीएम ने बच्चों में बांटी

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय अपने मन में बच्चों के प्रति कितना स्नेह रखते हैं। यह उनके जन्मदिन के अवसर पर बगिया के आश्रम शाला में आयोजित न्योता भोज के दौरान छोटे-छोटे प्रसंगों में सामने आया। मुख्यमंत्री और बच्चों को जब भोजन परोसा गया तो मुख्यमंत्री ने अपनी थाली की मिठाई अपने बगल में बैठे बच्चों अनुज और सुमीत को दे दी। खाने के दौरान मुख्यमंत्री उनसे ढेर सारी बातें करते रहे। बच्चों को मुख्यमंत्री घर के मुखिया की तरह लगे। बच्चों को मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी को खूब मन लगाकर पढ़ना है। ऊंचे मुकाम पर आपको पहुंचना है। नन्हे बच्चे भी मुख्यमंत्री श्री साय को अपने बीच पाकर काफी उत्साहित रहे और मुख्यमंत्री से कहा कि सीएम सर हमसे मिलने और आइएगा। मुख्यमंत्री श्री साय बच्चों की इस मासूम मनुहार पर मुस्कुराए और कहा बगिया तो मेरा घर है तो आप लोगों से मिलने तो आता ही रहूंगा।

बगिया के बालक आश्रम के नन्हें बच्चों का दिन आज बेहद खास रहा क्योंकि उनके बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री पहुंचे थे, वो भी अपना जन्मदिन मनाने। बच्चों ने मुख्यमंत्री श्री साय को कविता के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बच्चों को केक खिलाया और उन्हें क्रिकेट किट, बैडमिंटन, वॉलीबाल जैसी खेल सामग्री उपहार में दिए। इस मौके पर पद्मश्री श्री जागेश्वर यादव भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक परंपरा की शुरुआत की है जिसमें प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को सामुदायिक सहयोग से और अधिक पोषक बनाने की पहल की गई है। इसी के तहत आज अपने जन्मदिन मनाने बगिया बालक आश्रम शाला के बच्चों के बीच पहुंचा हूँ और न्योता भोज में आपके साथ बैठकर भोजन का आनंद लिया। उन्होंने दूसरों से भी अपील करते हुए कहा कि किसी जन्मदिन, वर्षगांठ जैसे खास मौकों पर अपने पास के स्कूल, आश्रम, छात्रावास में जाकर बच्चों के साथ न्योता भोज में जरूर शामिल हों।

सहायता समूह की बहनों ने दिया जन्मदिन का तोहफा

रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सरस मेला में शामिल होने आए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को स्व सहायता समूह की महिलाओं ने उनको जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने मिलेट्स के बने लड्डुओं को 60 के आकार में थाल में सजाकर मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप भेंट किया।

दरअसल ये मुख्यमंत्री का साठवां जन्मदिन है इसलिए खास तौर पर 60 के आकार में लड्डुओं को सजाकर महिलाओं ने इसे तैयार किया था। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा की छत्तीसगढ़ में महिला स्व सहायता समूह की बहने आर्थिक स्वावलंबन की नई कहानी लिख रही हैं और आने वाले समय में वो विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करने में अपना अहम योगदान देने वाली हैं।

पीएम मोदी, शाह, राज्यपाल और योगी ने दी साय को बधाई

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को जन्मदिन की बधाई दी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, छत्तीसगढ़ के ओजस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने लिखा कि श्री साय छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। गरीबों और वंचित समुदायों के प्रति उनकी चिंता भी उल्लेखनीय है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर दी गई शुभकामनाओं के लिए प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्री शाह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार छग में गरीब कल्याण और सुशासन के नए कीर्तिमान बनाएगी।

श्री शाह ने मुख्यमंत्री श्री साय के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए प्रभु श्रीराम से कामना भी की है। जन्मदिन पर शुभकामनाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री शाह के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने जन्मदिन की शुभकामनाएं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में श्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें। आप छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में निरंतर समर्पित रहें। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने जन्मदिन पर शुभकामना संदेश के लिए श्री आदित्यनाथ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

केन्द्रीय जनजातीय कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने श्री साय के सदैव स्वस्थ,सुखी और दीर्घायु रहने की कामना की है।

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ आपको उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन का आशीर्वाद प्रदान करें तथा आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हो ।

रेशमी धागों ने महिलाओं के जीवन में लाई खुशियां

कृमिपालन और कोसा उत्पादन से समूह की महिलाएं बनी स्वावलंबी

रायपुर/नवप्रदेश। स्व सहायता समूह की महिलाएं स्वावलंबन की डगर पर आगे बढ़ रही है। रेशम विभाग के कोसा कृमिपालन से जुड़कर आत्मनिर्भर भी बन गई है। जांजगीर चांपा जिले के विकास खंड पामगढ़ के ग्राम खोरसी की महिलाएं अमरीका साहू, संतोषी साहू, निशा साहू, छटबाई साहू, दुलेशवरी साहू, चंद्रीका साहू ने अर्जुन के पेड़ों पर रेशम से कृमिपालन से कोसाफल उत्पादन का काम शुरू किया है। महिलाओं ने बताया कि पहले अपने खेतों में खरीफ की फसल लेने के बाद सालभर मजदूरी की तलाश में रहते थे। आज महिलाओं की आंखों में सफलता की खुशी साफ नजर आ रही है। महिलाओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद।

समूह की महिलाओं ने बताया कि रेशम विभाग के मार्गदर्शन में कोसा कृमिपालन स्वावलंबन समूह खोरसी से सभी महिलाओं ने जुड़कर कृमिपालन और कोसाफल का उत्पादन, संग्रहण का कार्य शुरू किया। महिलाओं ने 3 सालों में लगभग 3 लाख रुपए की अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर ली है। विभागीय योजना एवं मनरेगा अंतर्गत 6 लाख 66 हजार की लागत से 10 हेक्टेयर में 41 हजार साजा और अर्जुन के पौधे रोपे गए हैं। वर्तमान में पौधे लगभग 6 से 8 फीट के हरे भरे पेड़ बन चुके हैं। महिलाएं प्रतिवर्ष 1 लाख रूपये तक की आमदनी अर्जित कर रही है। रेशम विभाग द्वारा महिलाओं से कृमिपालन और कोसाफल उत्पादन का कार्य करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। महिलाएं पूरी तरह से इस काम में दक्ष हो गई है।